## जिंदल स्टील एंड पावर में मना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ)।** जेएसपी (जिंदल स्टील एंड पावर) पतरातू में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड आशीष जैन ने अग्निशमन सेवा ध्वज फहराकर किया। मौके पर प्लांट हेड आशीष जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस को शहीद दिवस से रूप में भी जाना जाता है। यह अवसर हर साल भारत में उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डाकयार्ड आग और बडे विस्फोट के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। उन्होंने उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखा और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली।.....

## सूर्य उपासना और आस्था का त्यौहार चैती छठ पूजा धूमधाम से हुआ संपन्न

**जरप्पा।** रजरप्पा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चैती छठ पूजा विधि पुरे विधान और धूमधाम से सोमवार को उदियमान भगवान भाष्कर को अर्ध्य के साथ संपन्न हो गया। 36 घंटा निर्जला उपवास रखकर श्रद्धालु भक्तों ने छठ मैया की महिमा अपरंपार को लेकर आराध्य किया। मां की पूजा अर्चना के बाद छठ व्रतियों ने मनोकामनाएं मांगी।भक्ति आस्था और विश्वास का पर्व भगवान उदियमान भास्कर को अर्घ्य देते ही समापन हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर चैती छठ पूजा की गई विधि विधान से पूजा अर्चना हुई सोमवार सुबह उगता हुआ भगवान सूर्य देवता को नदी, नाला तालाबों एवं विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य दिया गया। पूजा अर्चना को लेकर छठ मैया की भक्ति गीत से क्षेत्र गूंजता रहा।

# रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त श्री चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के द्वारा सभी को आगामी रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी बि व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जाएगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए 10 वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने तथा प्रत्येक जुलूस के साथ यथासंभव एक-एक पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त करने की भी बात उपायुक्त ने कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।

## सीपीएम की गोला लोकल कमिटी ने मनाया अम्बेडकर जी की जयंती




**गोला।** सीपीएम लोकल कमिटी की बैठक झिझरीटांड स्थित पार्टी कार्यालय में कॉ. बालेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पतरातु लोकल कमिटी सदस्य कॉ. के के अम्बष्ठा की असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। बैठक में पार्टी संगठन के बारे में एवं आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार को परास्त करने के लिए काम करने का फैसला लिया गया। इसके बाद बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वें जन्मदिन के अवसर पर उन्हें याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सर्व प्रथम सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी सदस्य कॉ.आर पी सिंह चंदेल ने माल्यार्पण कर याद किया। इसके बाद जिला कमिटी सदस्य धनेश्वर महतो एवं लोविन्द महतो सहित बालेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, बेलाल अंसारी, चेतलाल महतो, अनुज कुमार महतो ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

उपस्थित साथियों ने नारा लगाते हुए संविधान की रक्षा करने हेतु शपथ लिया। जिला सचिव ने केन्द्र सरकार के द्वारा संविधान को समाप्त करने की साज़िश के बारे में जानकारी देते हुए अपने पार्टी सदस्यों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाया गया।

## श्रद्धा-भक्तिभाव से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में संपन्न हुआ चैती छठ महापर्व



**भुरकुंडा (रामगढ)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति व श्रद्धाभाव से आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूरे विधि-विधान व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रविवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य एवं सोमवार की तडके सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए कोयलांचल के विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं भक्तों की भारी भीड उमडी। भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट, सौंदा डी नलकारी नदी छठ घाट, सेंट्रल सौंदा नलकारी नदी छठ घाट, सीसीएल सौंदा दुमुहानी छठ घाट, रिभर साइड दामोदर नदी छठ घाट, भदानीनगर आईएजी ग्लास फैक्ट्री डैम, चिकोर पारगढा नदी, सौंदा बस्ती छठ घाट, पतरातू डैम सहित अन्य छठ घाटों पर भारी भीड उमडी। छठ घाटों पर दोनों ही समय अर्घ्य देने से पहले छठव्रतियों ने पानी में रहकर छठ माता और भगवान सूर्य की पूजा आराधना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली खुशहाली की कामना की। उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आरती हवन के पश्चात छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर छठव्रतियों ने पारण किया। इधर भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य मंदिर, गंगा मां मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड उमडी। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा अर्चना के लिए लंबी लाइन लगी रही। छठ घाटों की ओर जाने वाले रास्ते को काफी बेहतरीन लाईटिंग आदि से सजावट की गई थी। जगह-जगह तोरणद्वार भी बनाए गए थे। छठ महापर्व के गीतों से भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## अज्ञात बाइक के जोरदार टक्कर से पैदल चल रहे राहगीर की घटनास्थल पर हुई मौत




**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत डुमरी ( कुरूमगढ़ ) थाना स्थित नौगाई ग्राम में पैदल चल रहे चैनपुर थाना स्थित डीपाडीह ग्राम निवासी 48 वर्षीय लिविंग तिर्की को रविवार के संध्या 5:00 बजे कुरूमगढ़ थाना स्थित एक होटल के समक्ष एक अज्ञात बाइक सवार ने पिछ से सीधे-सीधे जोरदार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा , वहीं उक्त जोरदार टक्कर के कारण लिविंग तिर्की की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, बाद में उक्त घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी नुनीता तिर्की , उक्त घटनास्थल पर पहुंची और अपने पति लिविंग तिर्की को 108 एम्बुलेंस के द्वारा चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले गयी , जहां डॉक्टर नहीं रहने के कारण , एक स्वास्थकर्मी सरस्वती कुमारी द्वारा लिविंग तिर्की को मृत्यु घोषित कर दिया गया, इस उप स्वास्थ्य केंद्र की विडंबना यह है की ,चैनपुर को अनुमंडल का दर्जा तो मिल गया , परन्तु अनुमंडल की सुविधाएं अबतक प्राप्त नहीं हो सका है , गुमला सिविल सर्जन की आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण ही चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में लगातार कई माह से चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं हैं और डॉक्टर नहीं रहने के कारण कई लोगों की समय पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण , कई गंभीर रोगी , काल के गाल में समां चुके हैं, परन्तु स्वास्थ्य विभाग को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है , और तो और स्वास्थ्य विभाग इस क्षेत्र के लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है , मरने वाले तो अपने भाग्य से ही मारेंगे, बाद में उक्त दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु , गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप ।

## श्री श्री 108 श्री वीर बजरंगी मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ

### भव्य कलश यात्रा , प्राण प्रतिष्ठा , एवं भंडारा






**गुमला** -: महावीर मंदिर टैसेरा गुमला में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा कार्यक्रम के प्रथम दिवस में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरूवात किया गया। जिसमें आस पास के हजारों श्रद्धालु माता और बहनें शामिल हुए। सर्व प्रथम संकल्प के पश्चात ग्राम देवता की विधिवत पूजा अर्चना की गई। और सात कन्याओ की अगवाई में गाजा बाजा और प्रभु श्री राम एवम राम भक्त हनुमान की जयकारा के साथ महावीर मंदिर से कलश यात्रा की शुरुवात की गई। लोसाय नदी से जल लेकर सभी श्रद्धालु माताएं और बहनें मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रसाद स्वरूप भोग के पश्चात खीर पूरी दिया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य की भूमिका श्री संजय कुमार पांडेय और उनकी टीम के द्वारा किया गया। यजमान में श्री एतो गोप और राजेंद्र साहु के द्वारा पूरे पूजा की अगवाई की गई। इस कार्यक्रम में गुमला शहर से भी श्रद्धालु भक्त अधिक से अधिक संख्या में पूजा में शामिल हुए। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के लोग भी शामिल हुए रामनाथ साहु यदुनंदन प्रसाद अघनू साहु पवन कुमार साहु मदन साहु अशोक साहु राहुल साहु मोतीलाल साहु लालू साहु दिनेश साहु मनोज साहु सुमन साहु रामकुमार साहु आदि लोग शामिल हुए..।

## एएनएम के घर से अज्ञात चोरों द्वारा कुल 2 लाख 20 हजार की चोरी कर, हुए फरार



**गुमला** - गुमला जिला अंतर्गत भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरनो में कार्यरत एएनएम अनीता एक्का , बीते रात अपनी नाइट ड्यूटी में थी , घर पर कोई नहीं था, और घर का लोकेशन किनारे होने के कारण , अज्ञात चोरों ने बड़े इत्मीनान से गोदरेज , बक्सा,आदि को तोड़कर उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया है , अनीता एक्का ने पुलिस को दिए गए अपने बयान में नगद रुपया, सोने चांदी के आभूषण जेवर आदि सहित कुल लगभग 2 लाख 20 हजार रुपया की अज्ञात चोरों ने चोरी कर भागने में सफल रहे, पुलिस मामले की गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी हैं।.

# पुलिस ने तेरह कार्टून अवैध विदेशी शराब और एक टाटा सुमो गाड़ी किया जब्त

### अंधेरे का फायदा उठाकर ,अवैध विदेशी शराब तस्कर और टाटा सुमो गाड़ी का चालक हुए फरार ।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**गुमला** - गुमला जिला पुलिस प्रशासन को एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई हैं जो दर्शाता है कि पुलिस मुखबीर तंत्र कितना मजबूत हैं , जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह को एक गुप्त सूचना मिली की एक टाटा सुमो गाड़ी में विदेशी शराब लोड कर भारी मात्रा में तस्करी कर चैनपुर के रास्ते डुमरी ले जाया जा रहा है , जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त गुप्त सूचना की सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें एस आई अशोक कुमार एस आई मदन शर्मा , प्रदीप महतो एवं सशस्त्र बल के जवानों ने तत्काल बिंदोरा ग्राम के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम में एक टाटा सुमो गाड़ी आती दिखाई दी जिसे रोकने का इशारा किया गया तो उक्त टाटा सुमो गाड़ी के चालक ने गाड़ी को और तेज भगाया जाने लगा , यह देख चैनपुर थाना पुलिस ने उक्त टाटा सुमो का पीछा किया गया तो आगे जाकर टाटा सुमो गाड़ी के चालक और विदेशी शराब तस्कर टाटा सुमो गाड़ी रोककर और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे, तब पुलिस द्वारा टाटा सुमो गाड़ी और उक टाटा सुमो गाड़ी में लोड 13 कार्टून विदेशी शराब जप्त कर चैनपुर थाना लाया गया, जहां पता चला कि 180 एम एल का 84 बोतल मेकड्यूल , 180 एम एल बी 7 के 48 बोतल , 375 एम एल के रेवेल चेलेंज के पांच बोतल , 48 बोतल गॉडफादर बियर और 144 कैन बियर बरामद किया गया, इस संबंध में पुलिस को पता चला कि शराब तस्कर दीपक सिंह के द्वारा चैनपुर के रास्ते टाटा सूमो में विदेशी शराब लोड कर डुमरी ले जाया जा रहा था, शराब तस्कर और टाटा सूमो चालक को गिरफ्तार करने के लिए जगह-जगह छापामारी की जा रही है, परंतु अब तक वह गिरफ्तार नहीं किया जा सका हैं।.

## एक-नजर

### हवण-पुर्णाहुति के साथ श्रीश्री सूर्य षष्ठी सात दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हवण-पुर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों व बच्चों की भारी भीड अहले सुबह से उमडी रही। देर रात तक श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। इसके पूर्व अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। तत्पश्चात हवण-पुर्णाहुति के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। पूजा के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रविवार की रात्रि उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निर्वाणी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड जुटी रही। इस दौरान भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बडकागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेव निशि पांडेय ने उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निर्वाणी दुबे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। मौके समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि धार्मिक आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि का आगमन होता है। मौके पर पूर्व पंसस रमिता मिश्रा ने महायज्ञ समिति की ओर से समाजसेवी निशि पांडेय व प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व उप्रपमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, कैलाश राउत आदि मौजूद थें। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 16 अप्रैल मंगलवार को भव्य भंडारा आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकडो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने में कमेटी के संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, संजय यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, दीपक भुइयां, विजय, शंकर, डब्लू पांडेय, राजगीरी, सुशील सिंह, विक्रम, विक्की, सौरव, सुदीप, मधुकर, गुरदयाल ठाकुर, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, अप्पू मिश्रा, उपेंद्र शर्मा, उत्तम सिन्हा, रमाकांत दूबे आदि का विशेष योगदान रहा।

### डीएवी बरकाकाना की प्राचार्या उर्मिला सिंह हुई सेवानिवृत,नए प्राचार्य बने मुस्तफा मजीद

**बरकाकाना ।** डीएवी स्कूल बरकाकाना की प्राचार्या उर्मिला सिंह के सेवानिवृत्ति के बाद डीएवी स्कूल में नए प्राचार्य के रूप में मो. मुस्तफा मजीद ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया।मो ,मुस्तफा मजीद का सफर प्राचार्य के रूप में वर्ष 2008 को संत जेवीयर स्कूल बिलासपुर से प्रारंभ हुआ। अपनी यात्रा को जारी रखते हुए इन्होंने संत जेवीयर हरियाणा में आठ साल तक अपनी सेवा प्राचार्य के रूप में दी। ये शिक्षाविद होने के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय कैरियर कोच भी हैं। प्राचार्य मो. मुस्तफा माजीद को डीएवी के वरीय शिक्षक डॉ बीके चौधरी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रार्थना सभा के दौरान पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नया परिवर्तन एक दिन में नहीं होता ।उसके लिए हमेशा छोटे-छोटे परिवर्तन की आवश्यकता होती है ।जिसके लिए हम सभी को तत्पर रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ मिलकर अनुशासन एवं शिक्षण के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार का हर संभव प्रयास मेरे द्वारा किया जाएगा।

### जिले में स्वीप गतिविधि के तहत जागरूकता वाहन को किया गया रवाना

**गुमला**- लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में आज सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया.।

जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो , नोडल अपर समाहर्ता शशिंदर कुमार बराई, पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया. प्रचार वाहन के माध्यम से गुमला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा तैयार किए गए विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा.।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है।आगामी 13 मई को गुमला जिले में मतदान दिवस है उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील की की इस लोकसभा चुनाव के महापर्व में सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें।.

### झारखंड इस्पात में प्रोसेस के दौरान चिमनी के कार्य में लगे चार मजदूर झूलसे

**गिद्दी।** गिद्दी-रामगढ मुख्य सडक पर हेसला के पास स्थित झारखंड इस्पात स्पोंज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में उस वक्त खलबली मच गई। जब सोमवार तकरीबन दोपहर 12 बजे प्रोसेस के दौरान चिमनी में कार्य कर रहे चार मजदूर हजारो डिग्री चिमनी से निकले मलवे के लाल लाल दाने की चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक घायल मजदूरो में कृष्णा मुंडा जीएम ऑफिस, सुरेश बेदिया महुआटाड हेसला, शिवचरण बेदिया पोखरबेड़ा हेसला, भीम अरगड्डा शामिल है। जलते लोहे के लाल लाल दाने लगने से मजदूरों में चीत्कार मच गई। अफरा तफरी के बीच आनन फानन में फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा मजदूरों को होप रांची रोड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज जारी है। सूत्रों की माने तो चिमनी में प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानको की अनदेखी के कारण चिमनी उल्टा. जिससे चारों मजदूरों के चेहरे छोड़कर शरीर पर भट्टी के गर्म लोहे के दाने सट गए। हालांकि इस बारे में कोई भी अन्य मजदूर और प्रबंधन के लोग कुछ भी बताने से बच रहे हैं। लेकिन इस बात की क्षेत्र में चर्चाएं लगातार हो रही है।पहले भी कई ऐसी घटनायें घटित हों चुकी है। परन्तु प्रबंधन द्वारा ऐसी घटना को बाहर आने से रोक लिया जाता है।.

### रामगढ में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने की प्रेस वार्ता

**रामगढ।** होटल शिवम इन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प पत्र है और भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस अवधि में सरकार ने देश के लोगों की आकांक्ष पर खरा उतरने का कार्य किया है। बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना काल में देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया है। जिसकी अवधि ब?ाई गई है और आनेवाले 5 वर्ष तक लोगों को यह सुविधा मिलती रहेगी। बताया कि देश के 34 करोड लोगों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया गया है। कहा कि इसके तहत लोगों के 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होता है।प्रतुल ने संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को लाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। श्री शाहदेव ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत देश की 10 करोड महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। भविष्य में सिलेंडरों की संख्या को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। देशभर में 11 करोड शौचालयों का निर्माण करवाया गया। प्रेस वार्ता में बताया कि 43 करोड को मुद्रा लोन उपलब्ध करवाया गया। इनमें से 13 करोड ने दुबारा योजना का लाभ लिया।

# आनंद मार्ग उच्च विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**चान्हो।** आनंद मार्ग उच्च विद्यालय आनंदशीला चामा में रविवार की शाम एक समारोह आयोजित कर विद्यालय का 69वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व बिजनेस आईकॉन शिव कुमार साहु, मुख्य प्रवक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ( आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य भावामृतानंद अवधूत (आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) अमर कुमार आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र, शिक्षाविद् मोहसिन खान , आचार्य रसोदभाषासानंद अवधूत सेक्टोरियल सचिव (आनंद मार्ग प्रचारक संघ) ,दीपक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता ,विद्यालय निदेशक आचार्य गुणाकारानंद अवधूत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर किया । विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार महतो विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में इस विद्यालय के 20% से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। जबकि 99% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी बेहतर रहे। 80% से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतरीन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शिवकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं आनंदमार्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के



छात्र रह चुके हैं यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्थाएं हैं आज की समय में अतुलनीय है।आज की शिक्षा जीवन में उपयोगी कम है। हमें शिक्षा की आवश्यकता है हमारे जीवन को बेहतर बनाने की ,सुलभ बनाने का जिसका कार्य आज आनंद मार्ग विद्यालय कर रहे हैं। भारत के विभिन्न जिलों में स्थित आनंद मार्ग स्कूल इस कार्य को भली भांति रूप से संभाल कर रखे हुए हैं। आनंदमार्ग की नव्य मानवतावाद शिक्षा पद्धति देश को आगे बढ़ाने में काफी कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थापित विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जो शिक्षा की व्यवस्थाएं थी कम संसाधन में बहुत ही उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती थी आज इस बढ़ती चकाचौंध की दुनिया में सुविधा तो बढ़ी पर शिक्षा की जो स्तर है उसमें कहीं न कहीं गिरावट आ जा रही है यह विद्यालय इस गिरावट को कम करने का प्रयास हमेशा कर रही है। शिक्षाविद् मोहसिन खान ने कहा हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्थाएं आज के शिक्षा व्यवस्था से कई गुना उन्नत थी ।हमारी शिक्षण व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर साजिश रच कर नीचे दिखाया गया और हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बतलाए गए सिद्धांतों का प्रयोग करके पाश्चात्य देशों ने नई-नई चीजों का आविष्कार किया और उनका श्रेय उन्होंने अपने ऊपर ले लिया जबकि वास्तविकता यह है जो भी चीज आज वह कर रहे हैं कहीं ना कहीं हमारी प्राचीन संस्कृति या शिक्षा व्यवस्था की हीं देन है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया ।पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य बलबीर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य गुणाकारानंद अवधूत ने किया। बाद में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसका उपस्थित ग्रामीणों व अभिभावकों ने आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत गान से हुई जिसमें यूकेजी व? प्रथम वर्ग के छात्राओं ने नृत्य के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया उसके बाद ' झारखंड जोहार 'पर दशम वर्ग के छात्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई प्रभात रंजन सरकार द्वारा रचित प्रभात संगीत( दुनिया वाले ताकते रहो) का गायन सत्यम गुप्ता प्रथम वर्ग के छात्र द्वारा किया गया। उसके बाद प्रभात संगीत (अमर ग्रामे में जायो रे बंधु ) गीत पर नृत्य वर्ग सप्तम की छात्रा ने किया ।इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। झारखंड से संबंधित विभिन्न संगीत पर बच्चों ने अति मनमोहक प्रस्तुति दी पूरे कार्यक्रम की सबसे अधिक आकर्षक छोटे बच्चों द्वारा पारंपरिक परिधान में प्रस्तुत की गई नृत्य रहा ।मौके पर विद्यालय की शिक्षक प्रमोद पांडे, छोटी प्रजापति , दुलारी ,जयमुनी, पूजा, मंजू देवी, विशाखा विश्वास, किंसुक विवेक देव,अनिल गुप्ता सहित 1500 से अधिक ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# उलगुलान रैली के लिए गठबंधन दलों की 60 लोगों की बनी समिति

**रांची, ।** झामुमो ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए इंडी गठबंधन के दलों ने आपसी समन्वय के तहत विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया है। इसमें 26 आयोजन समिति, 26 स्वागत समिति और आठ मीडिया समिति का गठन किया गया है। कुल 60 लोगों को समिति में रखा गया है। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय की ओर से सोमवार को इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। समिति में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं के नाम जारी कर दिए गए हैं। इसमें सभी गठबंधन दलों के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

आयोजन समिति में मंत्री बैजनाथ राम, दीपक बिरूआ, बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, विधायक विकास सिंह मुंडा, राजेश कच्छप, पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य,नंद किशोर मेहता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रवींद्र सिंह, अजय नाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, गौतम सागर राणा, रंजन कुमार, कुमार वरूण, सुदामा खलखो, नरेंद्र चौबे, सौरभ श्रीवास्तव आदि शामिल हैं। जबकि स्वागत समिति में मंत्री दीपक बिरूआ, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद सरफराज अहमद, विजय हांसदा, महुआ माजी, विधायक सविता महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजू गिरि, अनवर अहमद अंसारी, विनय सिन्हा दीपू, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, तनवीर आलम, अभिलाष साहू, अभीजित राज, केदार पासवान, अनिता यादव, आबिद अली, शुभेंदू सेन, समर सिन्हा, डीएन सिंह, अजय भगत शामिल हैं।

# खूंटी जेल से जमानत पर छोड़े जाएंगे 20 विचाराधीन कैदी

**खूंटी,** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा सोमवार को विचाराधीन कैदियों से संबंधित यूटीआरसी की बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, डीसी लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार, डालसा के सचिव, कारा अधीक्षक, लोक अभियोजक, एलएडीसी के सभी सदस्य उपस्थित थे। डालसा सचिव



राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि डालसा ने कैदियों को 14 कैटेगरी में रखा है, जिसमें से 20 विचाराधीन कैदियों के बारे में विचार किया गया, जिसका विचारण तेजी से होगा और इन्हें न्यायालय द्वारा जल्द ही जमानत पर छोड़ा जाएगा। यूटीआरसी ने इसकी सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई विचाराधीन कैदी अपने अधिवक्ता से कानूनी लाभ नहीं ले पा रहा हो, तो वह एलएडीसी (डालसा अधिवक्ता) की मदद ले सकते हैं, जो निःशुल्क है।

डालसा सभागार खूंटी में 27 अप्रैल को एनआइ एक्ट और विद्युत संबंधित वादों के निस्तारण के लिए आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत के लिए सोमवार को जिला जज के चैंबर में बैठक का आयोजन किया गया। यह विशेष लोक अदालत आगामी 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक चलेगी, जिसमें पक्षकार समझौता पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे।

# शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की।




बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

**सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यकताओं की: कर्मवीर सिंह**

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाए गए लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिए मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही।

उन्होंने सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया। साथ ही उन्होंने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही।

प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निदेर्शानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही।

## चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है: आलोक शिकारी कच्छप



**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में सोमवार को 72 सेक्टर पदाधिकारी एवं 112 पुलिस अधिकारियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्यशैली एवं दायित्वों से अवगत उन्हें कराया गया ।मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। इवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं ।उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद मतदान से संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी को निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी रखना आपलोगों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में किसी तरह की चूक क्षम्य नहीं होती है।

# सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है पूरी दुनिया : नेहा अरोड़ा

**रांची,** । अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने सोमवार को स्वीप अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय के मासकॉम विभाग में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की जागरूकता कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज कई देशों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन पूरी दुनिया सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की तरफ देख रही है। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाता विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। चुनावी प्रक्रिया से परिचित होने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरोड़ा ने ईएलसी से संबंधित निर्देशिका में उल्लेखित विभिन्न गतिविधियों को समुचित तरीके से लोकतंत्र में आयोजित करने पर बल दिया।

उपस्थित छात्रों से उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसा कॉन्टेंट बनाएं जो इनफॉर्मेटिव हो, ताकि लोग जान पाएं कि चुनाव के लिए आयोग ने क्या-क्या प्रावधान किये हैं।




**चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की दी गयी जानकारी**

नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित डिजिटल एप एवं वेबसाइट की जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल/कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी से युवा मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य और सार्थकता पर बल दिया।

छात्रों को जानकारी देते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय की ओर से वीडियोज, रील्स, मीम्स, रिंगटोन आदि जारी किये गये हैं। आप सभी इन सामग्रियों का उपयोग करें एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ताजा जानकारी के लिए सीईओ झारखंड के सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें।

## हाई कोर्ट ने रांची में भूमिगत जल स्तर के प्रतिवर्ष नीचे जाने पर संबंधित विभागों से मांगा सुझाव

रांची, । झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और आईएसएम धनबाद की ओर से रांची सहित झारखंड के जिलों में भूमिगत जल की रिपोर्ट दाखिल की गई। बताया गया कि रांची सहित पूरे झारखंड में भूमिगत जल का स्तर प्रतिवर्ष नीचे जा रहा है इसलिए भूमिगत जल कैसे रिचार्ज रहेगा, इस पर मंथन करने की जरूरत है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि भूमिगत जल स्तर का प्रतिवर्ष नीचे जाना चिंता का विषय है, राजधानी झारखंड में भूगर्भ जलस्तर दुरुस्त रखने का हर संभव प्रयास सरकार करे ।कोर्ट ने भूमिगत जल के नीचे जाने पर जल संसाधन विभाग, नगर विकास विभाग सहित संबंधित विभाग, केंद्रीय भूजल बोर्ड, मामले के एमिकस क्यूरी को संयुक्त रूप से मिल कर एक सुझाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट के आलोक में राज्य सरकार से पूछा है कि कांके डैम एवं गेतलसूद डैम में क्या जलकुंभी लगी हुई है?

## सार-संक्षेप

### दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

**रातू ।** रातू थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास जमीन कारोबारी संतोष दुबे से सोने की चेन व चार लाख रुपए को लूटकर अपराधी भाग गए। घटना सोमवार की सुबह सवा दस बजे की है। जानकारी अनुसार बरियातु थाना क्षेत्र के मंडा बगीचा, मोराबादी निवासी संतोष दुबे पिता रामलखन दुबे अपनी एक्सयूवी कार जेएच 01 वीएस 6945 से ग्राहक को जमीन दिखाने बेलेंगी स्थित अपनी प्लॉट में आए हुए थे । प्लॉट दिखाने के बाद वह अपने साइड में ही रुक गए । थोड़ी देर बाद एक बाईक में दो अपराधी आए और एक ने संतोष दुबे के ऊपर चाकू से बार कर दिया जिसे वो बीच बचाव करने लगे तभी दूसरे ने पत्थल से उनके माथे में वार कर दिया जिसे वो बेहोश हो गए । उनके बेहोश होते ही दोनों अपराधी उनके गले से सोने का चैन और कार में रखे चार लाख रुपए को लूटकर भाग गए । थोड़ी देर बाद संतोष दुबे को होश आया तो देखा रूपए और सोना का चैन गायब है । इसके बाद पीड़ित दुबे अपने स्वजनों को इसकी सूचना दी एवं बगल में ही स्थित मादी अस्पताल में वो इलाज के लिए चले आए । घटना की जानकारी मिलते ही प्रोबेशनर आईपीएस मो याकूब और थाना प्रभारी शशीभूषण चौधरी घटना स्थल पहुंचे एवं अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दी । ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने भी घटना की जानकारी ली एवं कॉल डम्प समेत कई टेकनीकल जांच के आदेश दिए गया

### ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल के नेतृत्व संवेदन क्षेत्रों का पुलिस प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया

**पिस्का नगड़ी।** रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल के नेतृत्व सोमवार को नगड़ी के संवेदन क्षेत्रों का पुलिस प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर नगड़ी मस्जिद चौक, नगड़ी चौक, देवरी, कुण्डला टोली, साहेर, टिकरा महल्ला सहित कई जगहों का निरीक्षण किया गया। लोगो से मिलकर शांति व्यवस्था के संबंध में बात की गई साथ ही ग्रामीण एसपी ने थाना के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिये।

मौके पर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल डीएसपी मुख्यालय 2 अरविंद कुमार प्रक्शिक्षु आईपी एस सह रातु थाना प्रभारी याकूब अंसारी, बुंडू डीएसपी, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय, माँड़र थाना प्रभारी सहित नगड़ी थाना के पुलिस पुलिस अधिकारी एवम बल उपस्थित थे।

### भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

**चान्हो।** चामा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाईक और बोलेरो के टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक भी घायल हो गया। चामा की ओर से जा रहे बाईक मे तीन लोग सवार थे। वे लोग नकटा पहाड़ देखने जा रहे थे। तभी मैक्लुस्कीगंज की ओर से आ रहे एक बोलरो ने चपेट मे ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर प्रखण्ड के अम्बा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा पिता मार्शल लकड़ा और चान्हो प्रखण्ड के डोम्बा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित कुजुर, पिता स्व सुरेश उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेसमी निवासी सोनू कुमार सिंह को भी चोट आई। खबर मिलते ही मृतक के शव को अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। मांडर के ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और शव के साथ स्वयं रिम्स गया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया। घटना से क्षेत्र के लोग आहत हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।

### जमीन घोटाले मामले में आरोपित आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। विनोद सिंह ने अप
कोर्ट मामले में 16 अप्रैल (मंगलवार) को सुनवाई करेगा। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाई अंचल के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इस केस में मोहम्मद सद्दाम को मिलाकर तीन गिरफ्तारी हो चुकी है। ईडी ने मामले में बीते 30 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , भानु प्रताप प्रसाद, विनोद सिंह, हिलेरियस कच्छप और राजकुमार पाहन के खिलाफ चार्जशीर्ट दाखिल कर चुकी है।

### सीआरपीएफ ने शहीद किरण टोपनो को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित

**खूंटी।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले शहीद नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सोमवार को शहीद हवलदार जीडी किरण टोपनो के गांव तोरपा प्रखंड के मरचा में शहादत दिवस का आयोजन किया गया। शहीद किरण टोपनो आज ही के दिन अर्थात 15 अप्रैल 2000 को देश के लिए शहीद हो गए।50वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधि को रोकने के लिए 15 अप्रैल 2000 को गांव मदीना थाना सुरानकोट जिला पुंछ में सर्च अभियान के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए किरण टोपनो ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। शहादत दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी हेलेना होरो को सम्मानित किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यायल, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि जलवाहक प्रयाग प्रजापति, पिता–स्व0 मुन्नी प्रजाजति, ग्राम–घाटा, पो0–गगेया, थाना– सेन्हा, जिला– लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आप अपने कर्तव्य से बहुत लम्बी अवधि से फिरार हैं। आपको अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु इस कार्यालय का ज्ञापांक–1432/र0का0, दिनांक–16.03.2020, ज्ञापांक–3577/र0का0, दिनांक–26.10.2020, ज्ञापांक–431/र0का0, दिनांक–12.02.2021, ज्ञापांक–1661/र0का0, दिनांक–08.07.2021, ज्ञापांक–3267/र0का0, दिनांक–12.12.2021, ज्ञापांक–369/र0का0, दिनांक–07.02.2022, ज्ञापांक–1231/र0का0, दिनांक–02.05.2022 एवं ज्ञापांक–2560/र0का0, दिनांक–10.10.2022 के माध्यम से आपके गृह पत्ते पर विशेष दुत के माध्यम से पत्राचार किया गया परंतु आप अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित रहे जिसके कारण आपके विरूद्ध गढ़वा जिला विभागीय कार्यवाही संख्या–05/2023 प्रारंभ किया गया। संचलान पदाधिकारी द्वारा आपको ज्ञापांक–161/पु0नि0, दिनांक–31.03.2023, ज्ञापांक–592/पु0नि0, दिनांक–01.09.2023, ज्ञापांक–798/पु0नि0, दिनांक–12.12.2023 एवं ज्ञापांक–28/पु0नि0, दिनांक–11.01.2024 के माध्यम से संचालन की निर्धारित तिथि पर लगातार पत्राचार किया गया परंतु आप निर्धारित तिथि पर एक बार भी उपस्थित नहीं हुये तत्पश्चात संचालन पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य में दोशी कर संचिका लौटाये जाने के उपरांत ज्ञापांक–461/र0का0, दिनांक–10.03.2024 एवं ज्ञापांक–723/र0का0, दिनांक–31.03.2024 के माध्यम से विशेष दुत के द्वारा आपके गृह पत्ते पर उपस्थित होने हेतु पत्राचार किया गया परंतु आप अबतक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं।

अतः आपको दैनिक समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित करने के उपरांत अंतिम रूप से स्मारित करते हुये निर्देश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशित के 07(सात) दिनों के अंदर आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुये तो समझा जायेगा की आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और आपके विरूद्ध सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई कर दी जायेगी।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 323835 Police(24-25)#D

## संक्षिप्त खबरें

### प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में स्वीप के तहत इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता आयोजित



हजारीबाग। प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप के तहत तीसरे दिन चुनाव से संबंधित इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता को शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा खाखा ने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी आवश्यक है। छात्र-छात्राओं के बीच इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल तो बढ़ता ही है अधिक से अधिक लोग जागरुक भी होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार,डॉ. मैनेजर नाथ पांडेय, महेंद्र प्रसाद, उषा रानी महतो, अजय बैठा,जाहिदा बानो,आदित्य कुमार ,डॉ .विकास सिंह, उत्तम सिंह, सुरेश कुशवाहा,प्रिया, प्रमिला कुमारी, निरंजन कुमार रवानी, सौरभ खत्री, कंचन कुमार का अहम योगदान रहा।

### विष्णुगढ़ में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत स्थित हरिजन टोला एवं चेडरा पंचायत के अम्बेडकर चौक में डॉ० भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पूरे धूमधाम से मनाई गई।जयंती के अवसर पर विष्णुगढ़ पंचायत के हरिजन टोला में डॉ० भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अपने माथे में नीली पट्टी बांधकर रैली निकाली। इस अवसर पर विष्णुगढ़ पंचायत मुखिया पूनम कुमारी दास, चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, खोललाल राम, सुधीर राम, रोहित राम, सुरेश राम, अनिल राम, बबलू राम, रिंकू राम, उमेश राम, विशाल कुमार, शिवा कुमार, शंकर कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, बलदेव राम, रविंद्र राम, राजन कुमार, गणेश कुमार, सागर कुमार, सानू कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### रेन्बो स्कूल बरही में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि देकर नमन किया। साथ ही साथ डॉ भीमराव अंबेडकर के महान कार्यों का अभिवादन किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन से सम्बन्धित अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि वे अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण महिलाओं को बराबरी का अधिकार, मौलिक दायित्व की भी बात की। उन्होंने बताया कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, विद्यापति यादव, ऊषा यादव, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, शिवानी जायसवाल, विक्रम कुमार, रिफ्फत प्रवीण, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी स्वेता, रानी कुमारी एवं सतीश कुमार उपस्थित रहे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पूजा समिति व अखाड़ों के सचिव एवं सदस्यों के साथ की बैठक

# जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है, कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे एमसीसी का उल्लंघन हो: उपायुक्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को एसपी आवासीय परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर विभिन्न अखाड़ा समिति के सचिव व सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। उपायुक्त ने उपस्थित अखाड़ा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष सभी आखाड़ो के सदस्यों ने प्रशासन से बेहतर सहयोग व समन्वय के साथ रामनवमी पर्व को संपन्न कराया था। इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखी जा रही है। उन्होंने कहा लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है इसलिए कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उपायुक्त ने हर पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनाए। हजारीबाग की प्रसिद्ध रामनवमी के जुलूस निकालने के प्रशासनिक तैयारियों को उपायुक्त ने विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं निःशुल्क शौचालय संचालित रहेंगे। महिलाओं के लिए भी अस्थाई शौचालय संचालित रहेंगे। वहीं अस्थाई मेडिकल केन्द्र लगाए जा रहे है। सभी सुविधाएं 24x7 रामनवमी जुलुस के दौरान आमजनों के लिए उपलब्ध रहेगें। सभी अखाड़ों की नंबरिंग थानावार की जाएगी उसी क्रम में जुलूस को पास कराया जाएगा। जुलूस के सुगम संचालन के लिए जगह जगह पर मजबूत बैरिकेडिंग/ड्रॉप गेट लगाए जा रहे हैं,साथ ही हर गतिविधियों पर सीसीटीवी/ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूजा समिति अपनी परंपरागत विधि-विधान से पूजा मनाएं लेकिन दूसरे की भावनाएं आहत ना हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के डीजे के बजाने पर रोक है। उन्होंने कहा कि अपने शहर और जिला की गरिमा को बरकरार रखना आप की भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। पुलिस अधीक्षक ने भी पूजा समितियों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखे,निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकाले। प्रशासन के निदेर्शों के अनुपालन करें एवं जिम्मेवारी के साथ अखाड़ा समिति के सदस्य जुलूस के सुगम संचालन के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त किए जायेंगे।उन्होंने बल देते हुए कहा कि कई मामलों में अखाड़े आपस में छोटे- मोटे कारणों से विवाद पर उतारू हो जाते हैं ऐसे मामलों पर प्रशासन सख्ती के साथ कारवाई करेगा। जुलूस मार्गो के सड़क किनारे रखे भवन निर्माण की सामग्री यथा ईट,पत्थर, बालू,गिट्टी आदि को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा सभी प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना व जानकारी के लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला नियंत्रण कक्ष 24x7 उपलब्ध है। सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक में विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन

**सभी समितियों ने सरकार व प्रशासन को सहयोग करने का दिलाया भरोसा**

बिजली के झूलते तारों,पानी,प्रकाश की व्यवस्था आदि को दुरुस्त करने का अनुरोध किया। अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अखाड़ा समितियों के सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं जिला प्रशासन के दिशानिदेर्शों के अनुरूप मनाने की अपील की। इस मौके अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, एसडीओ शैलेश कुमार, सदर अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी थाना प्रभारी, महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव, विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

### उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही संपन्न चैती छठ



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**पदमा।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। सुबह करीब 05 बजकर 30 मिनट पर सूर्योदय होने के साथ ही अर्घ्यदान का क्रम आरंभ हो गया। इसके बाद व्रती व उनके स्वजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए और गाँव समाज के हित की कामना की। ज्ञात हो की आस्था का यह महापर्व साल में दो बार कार्तिक माह एवं चैत्र माह में मनाया जाता है। छठ पूजा मुख्य रूप से भगवान सूर्य की उपासना है। यह व्रत करने वाले श्रद्धालु स्थानीय केवटा नदी में, जलाशय में या घर की छत पर गंगा जल मिला कर स्नान करके व्रत का शुभारंभ करते हैं। यह पर्व नहाय खाय से आरंभ होकर चार दिनों तक चलता है। प्रातः कालीन सूर्य को अर्ध्य देकर इस व्रत का पारण होता है।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कुंज बिहारी साहू पर भरोसा जताते हुए लोकहित अधिकार पार्टी ने दिया टिकट



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** लोकहित अधिकार पार्टी का प्रदेश कार्यालय महावीर नगर अरगोड़ा रांची में प्रदेश कार्य समिति की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा हजारीबाग लोकसभा प्रभारी रामविलास साहू को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार के लिए पार्टी का टिकट दिया। और उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी निश्चित हीं कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता अपने उत्तरदायित्व को निभाएंगे और कार्यकर्ता ही उम्मीदवार को तय करेंगे। राम विलास साहू ने अपने दायित्व को निभाते हुए विश्वासी, कर्मठ, इमानदार, प्रगतिशील, जुझारू, धैर्यवान, गरीबों का मसीहा, किसान का बेटा नगर निगम सफाई कर्मी स्थानीय उम्मीदवार श्री कुंज बिहारी साहू को टिकट देकर भरोसा जताते हुए कहा कि हमारा उम्मीदवार कुंज बिहारी साहू निश्चित हीं लोकहित अधिकार पार्टी का परचम लहराते हुए लोकसभा चुनाव जीतेंगे।

## हजारीबाग लोकसभा सीट से लोअपा उम्मीदवार कुंजबिहारी साहू सबसे आगे : किशोर बेदिया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड स्थित ग्राम कोडी में सरहुल मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के लोअपा प्रत्याशी श्री कुंजबिहारी साहु एवं विशिष्ट अतिथि बतौर हजारीबाग लोकसभा प्रभारी रामविलास साहू उपस्थित हुए। आयोजकों द्वारा बाजे गाजे के साथ द्वार पुजा कराते हुए लोग आयोजन स्थल में बने मंच पर ले जाया गया, जहां बैज और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे बीच एक किसान का बेटा प्रत्याशी बना है। निश्चित ही सबसे आगे रहेगा। मुख्य अतिथि श्री कुंज बिहारी साहु ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल परब हमारी सांस्कृतिक पहचान है। हमें जल जंगल जमीन से जीवन में सारी आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है, उसी प्रकार देश की संविधान हमें संसाधनों पर हक अधिकार देता है। जरूरत है हमें एकजुट होकर अपनी एकता को शक्ति के रूप में प्रदर्शित करते हुए हमारी सांस्कृतिक सभ्यता और संविधान को बचाने की। विशिष्ट अतिथि रामविलास साहू ने कहा कि सरहुल प्राकृतिक परब हमारी संस्कृति की वो खुशबू है, जिसका वर्णन सम्भव नहीं है। बस इसे अछुन्न बनाए रखने कि जिम्मेवारी हम सबकी है। आयोजन मंडली को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह का मिलन समारोह से धर्म, कर्म, सम्पर्क और संविधान कि रक्षा के लिए बल मिलता रहेगा।

## लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी ने 10 चार पहिया वाहन को थमाई सीजरलिस्ट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न कराने के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में सोमवार को वाहन कोषांग टीम गठित करके बड़कागांव विधानसभा 22 क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न जगहों से 10 चार पहिया वाहन को सीजर लिस्ट थमाई गई है। वहीं अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर 150 चार पहिया वाहन की आवश्यकता है। और अभी तक 70 के आसपास ही गाड़ियों का सीजर लिस्ट थमाई गई है। वहीं सीजर लिस्ट गाड़ियों में पिकअप वैन, सवारी गाड़ी, स्कॉर्पियो बोलेरो गाडियां शामिल है। वाहन कोषांग टीम में मुख्य रूप से बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, लिपिक रणधीर कुमार के अलावे बड़कागांव अंचलाधिकारी के कर्मचारी शामिल थें।

## चौपारण पहुंची कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी ललिता पटेल, यज्ञ कार्यक्रम में हुई शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**चौपारण।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत जवनपुर के ग्राम मध्यगोपाली में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह नवदिवसीय रुद्र महायज्ञ में हजारीबाग लोकसभा से इंडि गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता पटेल शामिल हुई। इस दौरान यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, पदमा संजय यादव, लव सिंह, प्रहलाद सिंह, देवलाल साव, बिसुनधारी कुशवाहा, सोनू कुमार, नकुल यादव, रेवाली पासवान, शिव सिंह, मिशन सिंह, अजय केशरी, दुलार यादव, बैजू गहलोत, अशोक सिंह,जितेंद्र चंद्रवंशी, बसंत राणा,शिवकुमार साव,कारू साव, सीताराम साव, सरजू साव, तोखन साव, ग्यानी साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती

**बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के बताये गये मार्गो पर चलने की है जरूरत :विधायक**

उज्जवल दुनियां संवाददाता



**केरेडारी।** भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133 वी जयंती केरेडारी प्रखंड के कई गांव में हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। वही बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके नमन किया गया। प्रखंड के बेलापेटो में बाबा साहेब की तस्वीर पर प्रमुख सुनीता देवी,कराली मुखिया अशोक राम ,पेटो मुखिया कौशलिया देवी माल्यार्पण व फूल अर्पित कर और केक काटकर शुभांरभ किया गया। इसके अलावे सलगा, बेंगवरी, गोपदा, गरी कला आदि कई गांव में अम्बेडकर जयंती मनाई गई ।इस समारोह के अवसर पर कई गांव में कार्यक्रम स्थल पर बाबा साहेब के जीवन से सम्बंधित रंगारंग गीत - संगीत कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक किया गया। बेंगवरी ,सलगा गांव में आयोजित कार्यक्रम का शुभांरभ विधायक अम्बा प्रसाद ने की ।इस कार्यक्रम के पूर्व में बच्चे युवा,महिलाएं शामिल होकर नगर भर्मण किया ।इस भर्मण में भीम जयंती आई है,आई है,नई रौशनी लाई है ।जब तक सूरज चांद रहेगा ,बाबा तेरा नाम रहेगा।बाबा तेरा मिशन अधूरा,हम मिलकर करेंगे पूरा,आदि नारे जयकारे से प्रखंड गूंज उठा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथियों ने कहा की बाबा साहब भारत देश में ही नही पूरे विश्व में बाबा साहब का जन्म दिवस मनाया जाता है। जयंती का मतलब यह नही है की अपने पूर्वजो का जन्मदिन के दिन ही उनके जन्मदिन दिवस मनाना है ।और उनके उनके मार्गो चलने की जरूरत है।समाज शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अम्बा प्रसाद,प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया कौशलिया देवी, अशोक राम, पार्वती देवी, महेश प्रसाद, साव, दिनेश साव, के अलावे बैजनाथ महतो, सुरेश साव, गुरुदयाल साव, भुनेश्वर राम, रामेश्वर राम, पेरू प्रताप राम, अर्जुन राम, रामेश्वर साव, रामोतार रजक, अर्जुन रजक, उपेन्द्र रजक, रामबृक्ष राम पपू दास, राम चलितर राम, महेश राम, बिनोद राम, मिथलेश राम, कृष्णा राम,रामनरेश राम, आदि सैकडों महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## महुगाईकला में दो गुटों के बीच झड़प में लगभग एक दर्जन लोग घायल

**घटनास्थल पुलिस छावनी में तब्दील, स्थिति नियंत्रण में**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/अरुण कुमार गुप्ता



**बड़कागांव।** पबजी खेल रहे युवकों द्वारा लड़की को सिटी मारकर इशारा करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट एवं पत्थर बाजी में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटनाक्रम की सूचना पाकर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना बड़कागांव थाना से 8 किलोमीटर की दुरी पर स्थित ग्राम महुगाईकला की है। एक गुट आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन कूड़ा फेंकने के लिए बाहर निकली तो कुछ मनचले लोग सिटी बजाकर इशारा कर रहे थे। जब मैं अपनी आंखों से देखा तो उन लोगों से जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन उल्टा ही वे लोग उग्र होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। वहीं दुसरा गुट का कहना है कि अंबा पोखर भीड़ पर पेड़ के नीचे हमलोग पबजी खेल रहे थे। इसी बीच लड़की के भाई ने आकर हम लोगों को यहां बैठने के लिए मना करने के साथ मारपीट करने लगा। इससे पूर्व भी कई जगहों पर बैठने से हम लोगों को रोका गया है। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होते हुए पथराव शुरू हो गई, जिससे देखते ही देखते घटनास्थल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर इलाज कराया। समाचार लिखे जाने तक घायलों से पूरी घटना क्रम की जानकारी ली जा रही है। साथ ही साथ रामनवमी महापर्व एवं चुनाव आचार संहिता को देखते हुए घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर बनाई गई है।

## रामनवमी पर्व को लेकर अनुमंडल स्तरीय हुई समीक्षात्मक बैठक

# पूजा के दौरान सभी विभागों को सक्रिय रहने का एसडीओ ने दिया निर्देश, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** रामनवमी पूजा को लेकर बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय बरही में समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत, कार्यपालक दण्डाधिकारी दीपा खलखो, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी सहित अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ व इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी के साथ सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीओ ने सभी को अपनी अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने का निर्देश दिया। जिससे रामनवमी पूजा बरही अनुमंडल क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराया जा सके। अग्निशामक विभाग के पदाधिकारियों को पूजा एवं मेला अंतराल में हमेशा अलर्ट मोड़ में रहने की जिम्मेवारी दी गई। उत्पाद विभाग को अवैध रूप से हो रहे शराब खरीद बिक्री पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी को भी पूजा के दौरान अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की बात कही गई। पुलिस प्रशासन को संवेदनशील जगहों पर पैनी नजर रखने के साथ, जुवा अड्डो पर नजर रखने की बात कही गई। पेयजल विभाग को जगह जगह पर शुद्ध पीने का पानी व्यवस्था करवाने को कहा गया। बिजली विभाग को समय से बिजली काटने एवं समय से बिजली देने की बात कही गई ताकि लोगो को किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इसके अलावा एसडीओ ने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका अनुपालन करने का जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन को दिया गया। कोई भी सांप्रदायिक एवं वैसा गाना बजाने की अनुमति नहीं दिया गया है, जिससे किसी की भावना आहत हो। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस प्रशासन को विशेष ध्यान देने की बात कही गई, जहां पहले कभी छिनतई की घटना घटी हो या संभावना हो। मौके पर अनुमंडल अस्पताल बरही के चिकित्सा प्रभारी डॉ ज्ञानी प्रकाश, बरही अंचल अधिकारी राम नारायण खलखो, चौपारण सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी दीपक सिंह, बरही के प्रभारी थाना प्रभारी सुमित साव सहित अनुमंडल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झुरझुरी में जुलूस मार्ग को लेकर प्रशासन व ग्रामीणों की बैठक



बारकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पुलिस प्रशासन एवं झुरझुरी गांव के ग्रामीणों के साथ रामनवमी पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बरही एसडीओ जोहन टूडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि मुझे पुराने रास्ता से ही रामनवमी जूलुस घुमाने की अनुमति दे, क्योंकि पूर्व से ही इस रास्ते का लाइसेंस प्राप्त है। बीच कोरोना को लेकर यह जूलुस नही निकला था। इस पर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल जिस रास्ते से आप जूलुस निकाले थे उसी रास्ते से जूलुस निकाले। आपके द्वारा बताए जा रहे मार्ग पर जूलुस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बैठक में निर्णय नहीं होने पर ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग रामनवमी का त्योंहार झुरझुरी गांव में नहीं मनाएंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इस गांव के लोग वोट का वहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं। मौके पर रामनवमी समिति अध्यक्ष राजकुमार चौधरी,सचिव दीपक कुमार ,कोषाध्यक्ष बिट्टू यादव, पूर्व मुखिया सुमन कुमार,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामेश्वर महतो ,मुखिया प्रतिनिधि कुंवर यादव,भीम प्रसाद, लाममोहन प्रसाद, राजेश कुमार, सिकंदर प्रसाद, मुकेश कुमार, पवन कुमार, महेंद्र प्रसाद, उमेश प्रसाद, जीतू कुमार, दयानंद प्रसाद वार्ड सदस्य, मनोज कुमार, छोटी लाल प्रसाद, चेतलाल प्रसाद एवम अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के गंगपांचो निवासी प्यारेलाल महतो के एकलौता पुत्र आकाश कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसका निधन हो गया। शव को घर आते ही पूरे गावं में मातम छा गया। परिजनों को रो- रो कर बुरा हाल है क्योंकि उनका चिराग उजड़ गया। सूचना पाकर पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढाढ़स व धैर्य बंधाए तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट कर मृतक की आत्मा को शांति मिलने की कामना की। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, मनोहर चौधरी, तुलसी महतो, शम्भू प्रसाद, नरेश चौधरी, जयश्री प्रसाद चौधरी, पंकज चौधरी, गुलशन कुमार, रामदेव प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र महतो, पिताम्बर महतो, खेमलाल महतो, हिरालाल मंडल, हेमराज प्रसाद समेत सभी लोगों ने शौक संवेदना प्रकट की।

### बासंती चैती दुर्गा मंदिर के सौ वर्ष पूर्ण होने पर, निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ में पूर्वजों द्वारा स्थापित बासंती चैती दुर्गा मंदिर के एक सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीणों के सहयोग से बालिका समिति द्वारा रामनवमी महासप्तमी को बालिकाओं के द्वारा पारंपरिक पोशाक में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा की शुरूआत कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं बालिकाओं के द्वारा दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर की गई। समिति की प्रमुख वनी सिन्हा, करीना कुमारी, अंशु कुमारी, कृतिका कुमारी, सोनम कुमारी, ईशा कुमारी, सुहानी कुमारी, श्रेया कुमारी, साक्षी कुमारी एवं मिस्टी कुमारी ने बताया कि हम सभी के लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि पूर्वजों के द्वारा स्थापित को गई बासंती चैती दुर्गा मंदिर का एक सौ वर्ष पूर्ण हो गया है। इसलिए शोभायात्रा को हर्षोल्लास एवम धूमधाम से निकाला गया है। शोभायात्रा में मां दुर्गा के नौ स्वरूप में बालिकाओं को सजाया गया।

# रामनवमी पर्व को लेकर विभिन्न मस्जिदों के मौलाना मौलवियों के साथ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व को बेहतर समन्वय एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार विभिन्न समितियों के साथ बैठक कर हर पहलुओं पर बिंदुवार चर्चा कर रहा है। इसी क्रम आज 15 अप्रैल को उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एसपी के आवासीय सभागार में विभिन्न मस्जिदों के मौलाना/मौलवियों के साथ बैठक की। इस दौरान मौलाना/मौलवियों द्वारा पूर्व के अनुभव के आधार पर कई बिंदुओ पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया व सुझाव भी दिए। उन्होंने बेहतर समन्वय एवं सद्भाव के साथ प्रशासन व अन्य समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण वह सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा अखाड़ावार वॉलिंटियर्स को सक्रिय भूमिका के लिए जिम्मेदारी दी जाए। संवेदनशील जुलूस मार्गो में किसी भी प्रकार की अफरा तफरी ना हो इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता व समन्वय बनाई जाए। उपद्रवियों पर नियंत्रण के लिए शराब की दुकानें बंद करने सहित खुले बोतल में पेट्रोल की बिक्री पर भी रोक लगाने का सुझाव दिया। वहीं विभिन्न मस्जिदों के मौलाना मौलवियों ने भी सहयोगात्मक रवैया के साथ शांतिपूर्ण वा मैत्रीपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने का पूर्ण भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आपसी अमन चैन बनी रहे इसके हम पक्षधर है। दोनों समुदाय आपसी प्रेम व दोस्ताना माहौल को कायम रखें। हजारीबाग की रामनवमी विश्व विख्यात है। बैठक में उपायुक्त ने दो पक्षों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया की जिला प्रशासन सफल रामनवमी संपन्न कराने के लिए हर संभव तैयार है। अंत में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, डीएसओ सदर शैलेश कुमार, एसडीपीओ शिवाशिष कुमार, एसडीओ व अन्य उपस्थित थे।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने नशामुक्त रामनवमी मानने का किया अपील

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग की नवमी यहां की रामनवमी इंटरनेशनल है इस गीत को हजारीबाग की रामनवमी साल दर साल अलग अंदाज में चरितार्थ करता है हर साल रामनवमी में एक ओर जहां भव्य रूप से सैकड़ों अखाड़ों के द्वारा झांकियां निकाली जाती है वही विभिन्न समाजसेवी संगठन भी जिला प्रशासन रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति के साथ कदम से कदम मिला कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सेवा भावना से रामभक्तो और रामनवमी जुलूस देखने आए शहरी क्षेत्र , ग्रामीण क्षेत्र के साथ जिले के बाहर व राज्य से बाहर लोगों को सहयोग प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में जुट गया है इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा



**रामनवमी के अवसर पर भव्य कुश्ती और शोभा यात्रा का होगा आयोजन : प्रशांत कुमार प्रधान**

में रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने संरक्षण समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कहा की हम हजारीबाग वासी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को मानने वाले लोग हैं और हमारा कर्तव्य है की हम उनके पद चिन्हों पर चलते हुए प्रेम और सद्भाव पूर्वक नशा मुक्त रामनवमी मनायें अपने संबोधन में श्री प्रधान ने कहा की रामनवमी संरक्षण समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे दंगल (कुश्ती) अष्टमी तिथि दिन मंगलवार को संध्या समय 3:00 से 8:30 तक बडा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में , दिन बुधवार नवमी तिथि को दंगल (कुश्ती) समयः 3:00 स्त्रे से 7:00स्त्रे बडा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में , दिन बुधवार नवमी तिथि को श्रीराम शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा से महावीर स्थान चौक से ग्वाल टोली पंच मंदिर होते हुए झंडा चौक से पुनः बड़ा अखाड़ा आएगा जहां शोभा यात्रा का समापन होगा मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी , संजीव लाल भगत , ओम प्रकाश गोप ,अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता , ओम प्रकाश सिन्हा , केदार कुमार ,मोहन कुमार ,धर्मेंद्र शुक्ला , समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चतरा मेरा जन्म और कर्मभूमि है: कालीचरण

**कालीचरण ने कहा विपक्ष को नहीं मिल रहा प्रत्याशी**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** आगामी 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को रिझाने में जोर आजमाइश करते दिख रहे। हालांकि चतरा में भारतीय जनता पार्टी ने ही अबतक अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। वहीं इंडिया एलाइंस में दावेदारी को लेकर राजद और कांग्रेस आमने-सामने नजर आ रहा है। इसे लेकर चतरा में राजनीतिक बयान बाजी भी चरम पर है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों की स्थानीय प्रत्याशी की पुरानी मांग रही है। जिसे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकताओं पर भरोसा जताकर आम जनमानस की मांग को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि मुझे भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद विपक्ष को चुनाव लड़ने के लिये आदमी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा है कि मैं चतरा का बेटा हूं। जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां नाई समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शिरकत करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं चतरा की मिट्टी में जन्मा हूं।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी ने बढ़ा दिया है चुनावी सरगर्मी, 40 डिग्री सेल्सियस में भी नहीं थम रहें हैं उनके पांव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सरगर्मी अब बढ़ता जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अहले सुबह से देर शाम तक क्षेत्र का तूफानी दौरा के माध्यम से ताबड़तोड़ जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से चुनावी सरगर्मी बढ़ा दिया है। पिछले करीब सवा महीने से उनके टिकट कंफर्म होने के बाद से ही लगातार क्षेत्र में जनता के बीच बने हुए हैं। प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायतों के दर्जनों जगहों पर वे अपनी पहुंच बना रहें हैं और निर्धारित चुनावी कार्यक्रम के संचालन के उपरांत देर रात्रि तक सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में व्यक्तिगत रूप से शामिल होकर अन्य प्रत्याशियों को खूब परेशान कर रहें हैं। करीब 18-20 घंटे का उनका समय जनता के बीच बीत रहा है। सोमवार को मनीष जायसवाल ने कोयलांचल की धरती रामगढ़ जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र का दौरा 40 डिग्री सेल्सियस में किया। मनीष जायसवाल के समर्थन में इस प्रचंड गर्मी में भी लोग घरों से निकलकर न सिर्फ. उनका अभिनंदन कर रहें हैं बल्कि चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रहें हैं।

### रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों के 16 गांवों में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान, अपने समर्थन में मांगा वोट



हर दिन की भांति सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत चितरपुर प्रखंड स्थित 11 पंचायतों के कुल 16 गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाकर और जनसंवाद कर भाजपा के पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मारंगमारचा, सोढ़ तेवरदाग, भूचूंगडीह, रजरप्पा प्रोजेक्ट चौक, सेवई उत्तरी, सेवई दक्षिणी, माइल, चितरपुर काली चौक, मनसा मंदिर सोनार मोहल्ला, केवट मोहल्ला, बड़की पोना, छोटकी लारी, छोटकी पोना, बोरोबिंग, बभनीडीह, सुकरीगढ़ा, पंडा टोली, लारी कलां, लारी, सुकरीगढ़ा अखरा टोला (करम अखरा) क्षेत्र में पदयात्रा करके और डोर-टू-डोर कैंपेन किया। इस दौरान हर गांव और क्षेत्र में तपती धूप में बड़ी संख्या में मनीष जायसवाल के स्वागत और समर्थन में उमड़ पड़े और फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर गाजे-बाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। मनीष जायसवाल के पद यात्रा के क्रम में लोग बड़ी संख्या में अपने घरों से निकलकर उनका स्वागत करते नजर आए। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और अपने पक्ष में समर्थन मांगा ।

## देश के विकास यात्रा की आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को चुनें, मोदी को तीसरी बार मोदी जी को पीएम बनाएं: मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा की कांग्रेस ने 62 सालों तक देश में शासन किया और देशवासियों को ठगने का काम किया लेकिन पिछले 10 सालों से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश में कई बड़े कार्य हुए वहीं देश के अंत्योदय के विकास की दिशा में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जिससे गरीबों का सामाजिक उत्थान हुआ। उन्होंने कहा की देश की विकास की यात्रा की आगे बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपना बहुमूल्य वोट दें और तीसरी बार मोदी सरकार चुनें। मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर विशेषरूप से भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ के आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, बीजेपी से रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ. कुंटु बाबू, रंजन सिंह फौजी, रंजित पांडेय, दिलिप सिंह, विजय जायसवाल, सहित अन्य दर्जनों भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता शामिल रहें ।

# जन आशीर्वाद यात्रा के तहत चौपारण पहुंचे सांसद प्रत्याशी संजय मेहता

## हजारीबाग को अव्वल बनाएंगे, लौटाएंगे अपनी माटी का खोया गौरव:संजय मेहता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** राजनीति के क्षेत्र में नए लेकिन गहरे पाँव जमा चुके युवा राजनीतिज्ञ संजय कुमार मेहता ने सोमवार को चौपारण प्रखंड का दौरा किया। अपने जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लोगों से स्नेह और आशीष प्राप्त किया। चौपारण के अलग अलग पंचायत में जाकर उन्होंने लोगों के समक्ष अपनी बातों को रखा। अपने संबोधन में उन्होंने हजारीबाग लोकसभा वासियों को कहा कि हजारीबाग के साथ किए गए छल को नही भुला जाएगा। जिस तरह से हजारीबाग के साथ विभिन्न पार्टियों ने पिछले 70 साल से छल किया है अब वो आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क एवं यात्राओं के माध्यम से हजारीबाग क्षेत्र वासियों से उन्हें गहरा जुड़ाव हो गया है। उन्होंने कहा कि मन बहुत दुःखी होता है जब जनता अपनी समस्याएं बताते हैं। लोग आधारभूत समस्याओं से ही ग्रसित है। लोगों के कीमती वोट को पार्टियां ले तो लेती है लेकिन जो वादे आम जनता से करती है वो जितने के अगले दिन ही भूल जाती है। उनके वादे भुलने का नतीजा ये हुआ कि हजारीबाग विकास की दौड़ तो छोड़िए आधारभूत आवश्यकताओं की दौड़ में भी पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आप सब मौका दीजिये हजारीबाग को अव्वल बनाएंगे और अपनी माटी का खोया हुआ गौरव लौटाएंगे इस दौरान संजय मेहता ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देकर समर्थन देने का अपील किया साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से माटी पुत्र को प्रचंड मतों से जिताकर दिल्ली भेजने की अपील की। अभियान में उनके साथ वरिष्ठ नेता भुनेश्वर यादव, कृष्णा यादव, मुकेश महतो, प्रेम नायक, नीतीश सिंह, आदित्य कुमार सहित समाज के कई लोगों ने गांव गांव जाकर जनसंपर्क किया एवं लोगों से जनसमर्थन मांगा। मौके पर चौपारण प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तैयारी पूरी, हजारीबाग यूथ विंग रामनवमी के दिन 251 किलो लड्डू का महाभोग का वितरण करेगा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- **यह कार्यक्रम तीसरी बार आयोजित किया जा रहा है, शहर वासियों का मिल रहा है विशेष सहयोग और समर्थन : चंद्र प्रकाश जैन**
- **कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग : करण जायसवाल**

**हजारीबाग।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर्व को लेकर जहां पूरा हजारीबाग भगवा मय हो चुका है। तो वहीं तीसरी बार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा राम नवमी (17 अप्रैल) के पावन पर्व पर 251 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभु श्री राम को सवा पांच किलो की एकमात्र लड्डू से भोग लगाया जाएगा। साथ ही एक अलौकिक राम दरबार बनाया जा रहा है। पूजा अर्चना के उपरांत सभी राम भक्तों एवं हजारीबाग की आम जनता के बीच लड्डू महा भोग का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी सहित कई लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल,सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे, कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया, बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, प्रवेक जैन, सनी देव, शानू सिंह, अजीत चंद्रवंशी, सत्या नारायण सिंह, प्रिंस कसेरा, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। संरक्षक श्री जैन ने कहा की यह कार्यक्रम यूथ विंग के द्वारा तीसरी बार आयोजित किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से यूथ विंग के तमाम सदस्यों को काफी ऊर्जा मिलती है। प्रभु श्री राम की कृपा से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी सदस्य एकजुटता के साथ कार्य कर रहे हैं। मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्य अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## मथुरा वृंदावन से आये 21 वर्षीय कथावाचिका बाल बिदुषि अंजना किशोरी ने अपने कथावाचन से भक्तों को की भावविभोर



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के सांढ़-छपेरवा गांव में वैदिक श्री श्री 1008 श्री हनुमंत देव एवं श्री विश्वकर्मा भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं सत्संग प्रवचन का विराट आयोजन मथुरा वृंदावन से आये 21 वर्षीय कथावाचिका बाल बिदुषि श्री अंजना किशोरी ने अपने कथावाचन से भक्तों को की भावविभोर। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद की धर्मपत्नी आशा देवी, गिन्नी वर्मा सहित अन्य लोगों के द्वारा कथावाचिका अंजना किशोरी को माला पहनकर भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हजारों की संख्या में श्रोताओं की अपार भीड़ उमड़ी। मथुरा वृंदावन से आये कथावाचिका बाल विदुषी अंजना किशोरी ने श्रीमदभगवत कथा को सुनाते हुए कहा कि हर एक मनुष्य को अपने धर्म की रक्षा करना चाहिए, क्योंकि महाभारत और मनुस्मृति जैसे

**हर एक मनुष्य को अपने धर्म की रक्षा करना चाहिए : अंजना किशोरी**

शास्त्र में लिखा है कि धर्मो रक्षित रक्षितः अर्थात अगर हम अपने धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म हमारी रक्षा करता है। मौके पर यज्ञाचार्य जय नन्द मिश्रा, आचार्य पंडित ऋषिराज वेदव्यास मिश्र, आचार्य शिव राम पांडेय, आचार्य राधिका पाण्डेय, पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पाण्डेय, पंडित रूपम आचार्य, आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पाण्डेय, यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी गण सहित ग्रामीण महिला, पुरुष एवं श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन के हजारीबाग सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल धार्मिक अनुष्ठानों में हुए शामिल

**क्षेत्र वासियों के खुशहाली की किए कामना**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कर रहे हैं। समर्थकों और मतदाताओं से मिलने के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हो रहे हैं। इसी क्रम में कल उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के डाड़ी प्रखंड के बलसगरा पंचायत अंतर्गत झुमरी महुआ गांव पहुंचे। जहां उन्होंने श्री श्री 108 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ में सम्मिलित हुए और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना किए। उसके बाद जय प्रकाश भाई पटेल रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड के बोरोबिंग पंचायत पहुंचे। वहां श्री श्री 108 हनुमान शिव पार्वती एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी के पावन अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महायज्ञ के समापन समारोह में सम्मिलित हुए। मौके पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। उन्होंने मुलाकात कर सभी के लिए मंगलकामना किया। कल उन्होंने क्षेत्र के कई स्थानों में दौरा कर लोगों से जनसमर्थन मांगा। जनसंपर्क के दौरान मौजूद कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। समर्थकों ने चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान भी किया।

## झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हजारीबाग के छः खिलाडियों ने परचम लहराकर पूरे जिले का नाम किया रौशन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिला डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित जिला परिषद पार्क में जिला योग संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जमशेदपुर में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में छः खिलाडियों ने अपना परचम लहराया पूरे हजारीबाग जिले का नाम रौशन किया। जिसमें दो खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान, एक खिलाड़ी ने द्वितीय तथा एक खिलाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दो को कॉन्सुलेशन प्राइज मिला। हजारीबाग योग संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हजारीबाग जिले के खिलाडियों को ससम्मान प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता तथा संरक्षक भैया मुरारी सिन्हा ने सभी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। साथ ही सम्मानित कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हजारीबाग जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग जिले के छः खिलाडियों ने झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया है। यह पूरे हजारीबाग के लिए काफी सुखद खबर है।

## संपादकीय

# प्रत्याशियों की निजता और मतदाताओं के अधिकार का सम्मान

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में असम, नगालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए व्यवस्था दी कि चुनाव में किसी प्रत्याशी के लिए अपनी हरेक चल संपत्ति का ब्योरा देना जरूरी नहीं है। यह फैसला मतदाताओं के साथ-साथ प्रत्याशी के अधिकार का भी ध्यान रखने की जरूरत पर जोर दिया है।

चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। लेकिन इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं और उनके भी अधिकार होते हैं। मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा।

चुनाव सुधारों की बात करते हुए अमूमन मतदाताओं के जानने के अधिकार पर ज्यादा जोर रहता है। इस फैसले ने ध्यान दिलाया है कि प्रत्याशी भी इस देश के नागरिक हैं। ऐसे में मतदाताओं के सूचित होने के अधिकार को समुचित महत्व देते हुए भी प्रत्याशियों के निजता के अधिकार की ओर से पूरी तरह आंखें मूंद लेना ठीक नहीं होगा।

इस फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा है कि ऐसे मामलों में कोई एक लकीर नहीं खींची जा सकती, हर केस के हिसाब से गौर किया जाना चाहिए। फैसले में कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्याशी पर तीन वाहनों की जानकारी न देने और सरकारी आवास से जुड़े नो ड्यूज सर्टिफिकेट जमा न करने का आरोप था, लेकिन उसमें कोई बकाया नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसे प्रत्याशी का निर्वाचन रद्द करने का आधार नहीं माना जा सकता।

इस फैसले से आगे ऐसे मामलों में अलग-अलग व्याख्याओं की गुंजाइश बन जाने की संभावना है, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। इसलिए सतर्कता बरतने की जरूरत है। यहां इस सवाल से नहीं बचा जा सकता कि क्या इसका फायदा उठाते हुए आगे चलकर कुछ प्रत्याशी ऐसी भी सूचनाएं छुपा सकते हैं, जो चुनाव और वोटर के लिहाज से अहम हों? जाहिर है इस संभावना को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस अहम कानून की सार्थकता बढ़ाने और इसे प्रासंगिक बनाए रखने का काम किया है। फैसले में कोर्ट ने चुनाव सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो नागरिकों के अधिकारों का सम्मान करता है। इससे सार्वजनिक निष्पक्षता और चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता में सुधार होगा।

# मर्यादा लांघती राजनितीक बयानबाजी

देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं कहीं राजनीति की मयार्दा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि राजनीतिक दलों द्वारा जो बयान दिए जा रहे हैं, वह देखने में तो ऐसा ही लगता है कि यह सब बातें अप्रमाणिक सी लगती हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहाँ तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर भी देख लेना चाहिए।

वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनावों की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कागुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती।

क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मयार्दा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानि जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाये तो तर्क संगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है?

भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गए हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं।


हमारे राजनेता कौन कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गए हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गई है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है, उसी के परिणाम स्वरूप हमारा देश रसातल की ओर जा रहा है और उसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

राजनीति में नेताओं द्वारा जिस प्रकार की राजनीति की जाती है, वह केवल भारत के एक वर्ग विशेष को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जो नेता इनके संप्रदाय के बारे में अच्छी बात बोलता है, उस नेता को ये लोग अपना हमदर्द मानने की भूल कर बैठते हैं। बस यही कारण है कि नेता लोग इस समुदाय को वोट बैंक मानकर चाल चलता है, लेकिन आज का यह समुदाय भी असलियत जान चुका है, भावनाएं भड़काने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए।

# लोकतंत्र और आज का बुद्धिजीवी वर्ग



नीरज कृष्णा



क्या कभी आपने कभी द थिंकर मूर्तिशिल्प को देखा और ध्यान दिया है? क्या हमारे आज के बुद्धिजीवी वर्ग ने अथवा प्रजातंत्र के चौथे खम्बे नें इस अद्भुत मूर्तिशिल्प पर कभी लिखने या व्याख्या करने की हिमाकत की ? प्रांसीसी मूर्तिशिल्प कलाकार अगस्त रोदीं की मूर्तिशिल्प द थिंकर– जिसमें एक निर्वस्त्र व्यक्ति को अपने हाथ पर ठोड़ी टिकाये के कुछ चिंतन करके दिखाया गया है।

कभी बुद्धिजीवियों के पास सिद्धांत और विश्वास थे। वे देश, समाज और शासन के बारे में आलोचनात्मक ढंग से सोचते थे। पहले हर बुद्धिजीवी पूर्वाग्रह मुक्त चिंतक होता था। बाद में बुद्धिजीवी समाज में मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा शामिल हुआ उसमें चिंतनशील लेखकों, वैज्ञानिकों, आंदोलनकारियों के अलावा बड़े पैमाने पर शिक्षक, न्याय विद, इंजीनियर, शिल्पी, डॉक्टर, सरकारी अफसर, राजनीतिज्ञ आदि भी शामिल किये जाने लगे, जिसका यह परिणाम हुआ कि विचारों को चाट-पकौड़ी की तरह जीभके स्वाद बदलने वाली जैसी स्थिति बन गयी। समाज के ताने-बाने में, हलचल भरी सड़कों और शांत कोनों के बीच, ऐसे व्यक्तियों का एक समूह मौजूद है जिनका प्रभाव उनके निकटतम दायरे से कहीं आगे तक फैला हुआ है।वे बुद्धिजीवी, विचारों के संरक्षक और प्रगति के वास्तुकार हैं।

बुद्धिजीवियों को केवल उनके पास मौजूद डिग्रियों या उन्हें मिलने वाली प्रशंसा से परिभाषित नहीं किया जाता है, हालांकि कई लोगों के पास वास्तव में उच्चतम स्तर की अकादमिक साख होती है।बल्कि, यह उनकी अतृप्त जिज्ञासा, ज्ञान की खोज के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता और आलोचनात्मक विचार के लिए उनकी असीमित क्षमता है जो उन्हें अलग करती है।वे कला, विज्ञान, दर्शन, राजनीति और उससे भी आगे के क्षेत्रों की यात्रा करते हैं, अस्तित्व के रहस्यों को जानने और मानवता के लिए आगे का मार्ग रोशन करने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

> बुद्धिजीवियों को केवल उनके पास मौजूद डिग्रियों या उन्हें मिलने वाली प्रशंसा से परिभाषित नहीं किया जाता है, हालांकि कई लोगों के पास वास्तव में उच्चतम स्तर की अकादमिक साख होती है

बुद्धिजीवी यथास्थिति को स्वीकार करने या प्रचलित विचारों को रटने से संतुष्ट नहीं हैं;इसके बजाय, वे धारणाओं पर सवाल उठाते हैं, परंपराओं को चुनौती देते हैं और निडर होकर असुविधाजनक वास्तविकताओं का सामना करते हैं।सत्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अक्सर उन्हें स्थापित सत्ता संरचनाओं और प्रचलित रूढ़िवादों के साथ संघर्ष में लाती है, लेकिन वे समझ की तलाश में अडिग रहते हैं।

इसके अलावा, बुद्धिजीवी केवल आइवरी टॉवर से सिद्धांत बनाने से संतुष्ट नहीं हैं;वे अपने आसपास की दुनिया से गहराई से जुड़े हुए हैं।चाहे अपने लेखन, अपनी सक्रियता या अपने रचनात्मक प्रयासों के माध्यम से, वे सिद्धांत और व्यवहार के बीच, अमूर्तता और जीवंत अनुभव के बीच की खाई को पाटना चाहते हैं।वे समाज की अंतरात्मा हैं, जो हमें हमारी साझा मानवता की याद दिलाते हैं और जहां कहीं भी अन्याय हो, उस पर ध्यान दिलाते हैं।

लोकतंत्र के मूल में सूचित नागरिकता का मूल सिद्धांत निहित है, जिसमें व्यक्तियों को अपने समाज की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का अधिकार दिया जाता है। बुद्धिजीवी, अपनी विद्वता, आलोचनात्मक विश्लेषण और सार्वजनिक सहभागिता के माध्यम से, ज्ञान के संरक्षक और सत्य के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। वे जटिल मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं, राजनीतिक बयानबाजी को डिकोड करते हैं, और नागरिकों को सूचित विकल्प चुनने के लिए आवश्यक संदर्भ प्रदान करते हैं। ऐसा करके, वे जवाबदेही और पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करते हैं।

बुद्धिजीवी किसी राष्ट्र के नैतिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, प्रचलित मानदंडों को चुनौती देते हैं और हाशिये पर पड़े और वंचितों के अधिकारों की वकालत करते हैं। चाहे साहित्य, कला, शिक्षा जगत या सक्रियता के माध्यम से, वे उन आवाजों को बढ़ाते हैं जिन्हें अक्सर खामोश कर दिया जाता है और उन मुद्दों का समर्थन करते हैं जिन्हें असुविधाजनक या अलोकप्रिय माना जाता है। सत्ता के सामने सच बोलकर और संस्थानों को जवाबदेह ठहराकर, बुद्धिजीवी लोकतांत्रिक विमर्श में नैतिक तात्कालिकता की भावना पैदा करते हैं, और समाज को आम भलाई के प्रति उसकी सामूहिक जिम्मेदारियों की याद दिलाते हैं।

बुद्धिजीवी सामाजिक परिवर्तन के वास्तुकार के रूप में कार्य करते हैं, वैकल्पिक भविष्य की कल्पना करते हैं और समुदायों को प्रगतिशील आदर्शों के प्रति प्रेरित करते हैं।अपने शोध और वकालत के माध्यम से, वे प्रणालीगत अन्याय को दूर करने, सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत समाधान प्रस्तावित करते हैं।उनका बौद्धिक श्रम न केवल सार्वजनिक बहस को समृद्ध करता है बल्कि नीति निर्माण प्रक्रियाओं को भी सूचित करता है, जिससे अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की खोज में सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाट दिया जाता है।

इसके अलावा, बुद्धिजीवी अधिनायकवाद, लोकलुभावनवाद और लोकतंत्रवाद के खतरों के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।झूठ को उजागर करके, प्रचार को खारिज करके और तर्कसंगत प्रवचन के सिद्धांतों को बरकरार रखते हुए, वे समाज को गलत सूचना और हेरफेर की घातक ताकतों के खिलाफ टीका लगाते हैं।संकट के समय में, बुद्धिजीवी आशा की किरण के रूप में कार्य करते हैं, सत्य, तर्क और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से समाज को लचीलेपन और नवीकरण के मार्ग पर मार्गदर्शन करते हैं।

हालाँकि, बुद्धिजीवियों का योगदान चुनौतियों और जोखिमों से रहित नहीं है।दुनिया के कई हिस्सों में सत्ता के सामने सच बोलने का साहस करने पर उन्हें सेंसरशिप, उत्पीड़न और यहां तक कि हिंसा का भी सामना करना पड़ता है।शैक्षणिक स्वतंत्रता का क्षरण, असहमति का गला घोंटना और बुद्धिजीवियों की निंदा लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है, इसके सार को कमजोर करती है और स्वतंत्र और खुले समाज के भविष्य को खतरे में डालती है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर सतहीपन, सनसनीखेजता और ध्वनि काटने से ग्रस्त लगती है, बुद्धिजीवी स्पष्टता और ज्ञान के प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करते हैं।वे हमें हमारी सोच में बारीकियों, जटिलता और गहराई के महत्व की याद दिलाते हैं, और वे हमें क्षणिक विकर्षणों से ऊपर उठने और उन बड़े सवालों पर विचार करने की चुनौती देते हैं जो एक व्यक्ति और एक समाज के रूप में हमारे सामने आते हैं।

बुद्धिजीवियों ने अक्सर एक जिज्ञासु स्थान पर कब्जा कर लिया है - एक ऐसा क्षेत्र जहां विचार पनपते हैं, आलोचनाओं को निखारा जाता है और दृष्टिकोण को चुनौती दी जाती है।वे परिवर्तन के निमार्ता, सत्य के संरक्षक और असहमति की आवाज हैं।फिर भी, विरोधाभासी रूप से, सरकारें, हर समय, बुद्धिजीवियों को अक्सर संदेह और आशंका के मिश्रण से देखती हैं।

सरकारें, अपने स्वभाव से, स्थिरता और नियंत्रण चाहती हैं।वे समाज के बड़े हिस्से पर अधिकार रखते हैं, कानून, नीतियां और आख्यान तय करते हैं।दूसरी ओर, बुद्धिजीवी यथास्थिति पर सवाल उठाने, जटिलताओं को सुलझाने और वैकल्पिक भविष्य की कल्पना करने में कामयाब होते हैं।उनका अस्तित्व ही स्थापित व्यवस्था के लिए चुनौती है, असहज सवाल खड़े करता है और शासन में खामियां उजागर करता है।यह अंतर्निहित तनाव बुद्धिजीवियों के प्रति सरकार की आशंका का आधार बनता है।

बुद्धिजीवियों के पास सार्वजनिक चर्चा को आकार देने, राय जुटाने और आंदोलनों को प्रेरित करने की क्षमता होती है।अपने लेखों, भाषणों और सक्रियता के माध्यम से, वे सामाजिक परिवर्तन को उत्प्रेरित कर सकते हैं और सरकारी प्राधिकरण की वैधता को कमजोर कर सकते हैं।फ्रांसीसी क्रांति से लेकर नागरिक अधिकार आंदोलन तक, इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां बुद्धिजीवियों ने दमनकारी शासन को चुनौती देने और परिवर्तनकारी सुधारों की शुरूआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बुद्धिजीवी लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं।वे सरकारी कार्यों की जाँच करते हैं, भ्रष्टाचार को उजागर करते हैं, और नेताओं को न्याय और समानता के सिद्धांतों के प्रति जवाबदेह ठहराते हैं।सत्ता के दुरुपयोग पर प्रकाश डालकर और मानवाधिकारों की वकालत करके, वे शासन के भीतर सत्तावादी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने का काम करते हैं।स्वाभाविक रूप से, इस निरीक्षण कार्य को सत्ता में बैठे लोगों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है, जो इसे अपने अधिकार और हितों के लिए खतरा मान सकते हैं।

सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के उदय ने बुद्धिजीवियों के प्रभाव को बढ़ा दिया है, जिससे उन्हें व्यापक दर्शकों तक पहुंचने और अभूतपूर्व गति और पैमाने के साथ समर्थन जुटाने में मदद मिली है। यह नई कनेक्टिविटी सूचना के प्रवाह को नियंत्रित करने और सार्वजनिक आख्यानों को आकार देने की आदी सरकारों के लिए एक चुनौती है। जवाब में, कुछ सरकारें असहमति को दबाने और सार्वजनिक चर्चा पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए सेंसरशिप, निगरानी और प्रचार का सहारा लेती हैं।


एक श्रेणी सोशल मीडिया का बुद्धिजीवी है। आज सौभाग्य से पृथ्वी पर सबसे पुरानी हमारी सनातन सभ्यता है। इसी सनातनी परंपरा ने असंख्य मनीषियों ने अवतरण लिया, जिन्होंने राष्ट्र-हित में राज-धर्म हेतु असंख्य साहित्यों का सृजन किया। अंगरेजों ने, मुगलों ने उस अद्भुत साहित्य को हमें एक साजिस के तहत पढने से वंचित करने हेतु धार्मिक आवरण पहना दिया ताकि हम अपने मनीषियों के लिखे ग्रंथों से कुछ भी न सिख सकें और इसका जो सबसे बड़ा दुष्परिणाम हुआ कि हमने पढ़ना/स्वाध्याय छोड़ दिया और हम पढ़ेंगे नहीं तो लिखना भी असंभव ही है। रूसो, प्लेटो.....सार्त्र ये ऐसे विचारक थे जिन्होंने लिख-लिख कर अपने देश के भाग्य को बदल दिया था। इतिहास साक्षी है कि लिखने वालों से सदैव सरकारें डरी है और संयोग से नव-उदारवादी युग में आधुनिक तकनीक ने हमे एक ऐसी मंच से रूबरू कराया है जिसका हम प्रयोग देश के बौद्धिक समृद्धि के लिए कर सकते थे, जिसके प्रभाव से सरकारें डरने लगी हैं, पर दुर्भाग्य से अब यह मंच खुद ही दुर्भावनाओं का शिकार बन चुकी है। इन्ही सभी संभावित खतरा को भांप कर सार्त्र से आगे बढ़कर नोआम चामस्की ने आधुनिक समय में कहा कि बुद्धिजीवी अब राजनीतिक खाद्य वस्तु और सत्ता प्रतिष्ठान के पोषक तत्व होते हैं। आज यह दृश्य सर्वव्यापी दृष्टिगोचर हो रही है।

प्रेमचंद ने कहा था, इंटेलिजेंसिया में जो भी शक्ति आती है वह जनता से आती है। किसी एक फिल्म की गीत भी है न-ये पब्लिक है.......सब जानती है ! जनता अज्ञानी नहीं है, वह सब समझती है, क्या वर्तमान के परिपेक्ष्य में भी यह बात कही जा सकती है? आज बाजार और राजनीति दोनों ओर से अज्ञानता के बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा रहा है। इसका भी किसी तकनीकी साधनों के द्वारा प्रचार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस प्रचार के समुद्र में डुबकियाँ लगा रहे हैं। वे जाति, धर्म, क्षेत्रीयता आदि की मिथ्या भेदभाव पूर्ण भावनाओं से घिरते जा रहे हैं और हिंसा से भरे हुए हैं। क्या ऐसे उन्मादी लोगों से बुद्धिजीवी अपने को जोड़ सकते हैं?

हालाँकि, बुद्धिजीवियों का डर केवल सत्तावादी शासन तक ही सीमित नहीं है।लोकतंत्रों में भी, सरकारें उन बुद्धिजीवियों से खतरा महसूस कर सकती हैं जो उनकी नीतियों को चुनौती देते हैं या प्रणालीगत अन्याय को उजागर करते हैं।सरकारी संस्थानों में विश्वास की कमी और गलत सूचना के प्रसार ने असुरक्षा की इस भावना को बढ़ा दिया है, जिसके कारण कुछ सरकारें राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर तेजी से सत्तावादी उपाय अपना रही हैं।

लोकतंत्र के संरक्षक और सच्चाई के चैंपियन के रूप में बुद्धिजीवियों की भूमिका को अपनाना एक जीवंत और लचीले समाज को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है - जहां विचार पनप सकते हैं, शिकायतें सामने आ सकती हैं और प्रगति हासिल की जा सकती है।जैसा कि इतिहास ने दिखाया है, अक्सर विचारों के टकराव के माध्यम से ही समाज विकसित होता है और फलता-फूलता है, जिससे सरकार की बुद्धिजीवियों की चिंता एक विरोधाभास बन जाती है, जिस पर विचार किया जाना चाहिए।

# वकील व न्यायालय जनता के हितों में कार्यरत हों



प्रो. नीलम महाजन सिंह





इस सप्ताह भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में अनेक ब्रेकिंग न्यूज चलती रही! वैसे यदि राज्यों के उच्च न्यायालय अपनी स्वायत्तता द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय ले लें, तो वह भी उतने ही सहायक हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय करेगी। तीन केस सुर्खियों में रहे। समय-समय पर न्यायायिक सुधारों की बात होती है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड, 30 नवंबर 2024 में सेवानिवृत्त होंगें। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री तथा स्पेशल मेंशन पर रोक लगाने के अनेक प्रशासनिक निर्णय लिए हैं। परंतु इसके बावजूद भी आम जनमानस को सालों-साल न्याय नहीं मिलता है। अधिवक्ता ऑफिसर ऑफ दी कोर्ट होकर, तारीख पे तारीख लेते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एतिहासिक भाषण, जिसमें उन्होने न्यायालयों पर कटाक्ष किया, कि जो लोग कोर्ट कचहरी में सालों साल भटकते हैं, वे अपनी संपत्ति और घर बार भी खो देते हैं। यह भी कहना उचित होगा कि अधिवक्ताओं के व्यक्तिगत लालच के कारण भी मामलों के निपटारे नहीं हो रहे हैं। यह तो बहुत-बहुत दुःख और शर्म की बात है कि न्यायालय के आदेशों का पालन तक नहीं हो रहा! सर्वोच्च न्यायालयों के पूर्व जज जस्टिस जोसफ कुरियन ने कुछ वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होने से पूर्व, 500 से भी अधिक केस, बिना वकीलों के, स्वयं मध्यस्थ होकर सुलझाए थे। जस्टिस जोसफ कुरियन को सलाम। सच तो यह है कि न्यायपालिका, प्रजातंत्र का महत्वपूर्ण अंग है। परंतु आम नागरिक से पूछें की क्या वे न्यायालय जाना चाहेंगे? नहीं! सीजेआई डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने नागपुर में कहा, लंबित मुकदमों या फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी करना बहुत चिंताजनक बात है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने सख्त फैसलों और टिप्पणियों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस बार वकीलों की हरकत पर टिप्पणी करते हुए उसे चिंताजनक करार दिया है। न्यायपालिका तारीफ के साथ ही, आलोचना भी स्वीकार कर सकती है, लेकिन पेंडिंग केस या फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी करना बहुत चिंताजनक है। बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते वक्त यह नहीं भूलना चाहिए कि वे भी अदालत के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं हैं। नागपुर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक संस्था के रूप में बार को न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए जरूरी है। अदालत और संविधान के प्रति निष्ठा रखें, बार मेंबर्स! न्यायापालिका बार-बार अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता, कार्यपालिका और निहित राजनीतिक हित से शक्ति के पृथक्करण के लिए आगे आई है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच गहरा संबंध है। एक संस्था के रूप में बार की स्वतंत्रता न्यायपालिका की स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की गरिमा को बनाए रखने की आवश्यक है। एक जीवंत और तर्कपूर्ण लोकतंत्र में, अधिकांश लोगों की एक राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है। अरस्तू ने कहा था कि, मनुष्य राजनीतिक प्राणी है। वकील भी कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा, पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत व संविधान के प्रति होनी चाहिए। कोर्ट के फैसले सार्वजनिक संपत्ति है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के फैसले कठिन कार्यवाही, व्यापक न्यायिक विश्लेषण और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम होते हैं। लेकिन एक बार जब फैसला सुना दिया जाता है तो यह सार्वजनिक संपत्ति है। एक संस्था के तौर पर हमारे कंधे चौड़े हैं। हम प्रशंसा और आलोचना दोनों स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने कहा। लेकिन बार एसोसिएशन के सदस्य व पदाधिकारी होने के नाते वकीलों को अदालत के निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते समय आम आदमी की तरह टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। दो अन्य केस जो चर्चा का विषय हैं, वे है, पतंजलि के रामदेव-बालकृष्ण के सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना का ।

जस्टिस हिमा कोहली व जस्टिस एहसानुदीन अमानुलाह, ने रामदेव की माफी को स्वीकार क्यों नहीं किया ? किसे कहा कागज का टुकड़ा? फिर अरविंद केजरीवाल के वकील, डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में ऐसी दलील दी कि मुख्य न्यायाधीश ने उस पर गौर करने का आश्वासन दिया। सच तो यह है कि जहा एक ओर जनता के साथ अन्याय हो रहा है तो न्यायालय उनकी दबी हुई सिसकियों को क्यों नहीं सुनता? बड़े-बड़े लोगों के भाषण तो ठीक है परंतु आवश्यकता है, अंत्योदय के अंतिम पंक्तियों में खड़े इंसान को न्याय मिले। भारत विश्व का पहले नंबर पर जनसँख्या में वृद्धि के कारण, चीन से भी आगे हो गया है। अधिक न्यायालयों की आवश्यकता है। मेरा सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायमूर्तियों से यह आग्रह है कि वे एक ऐसी घोषणा कर दें कि हर मुकदमा दो से तीन वर्षों में समाप्त कर दिया जाए। सभी केस टाइम लाइन कर दिया जायें ताकि आम जनता को न्याय की उम्मीद नजर आए, अन्यथा ये रॉक स्टार्स, उच्चतम न्यायालय के भाषण ही रह जायेंगें। न्यायालय, न्यायाधीशों व कानून एवं विधि मंत्रालय को भी इसका संज्ञान लेना अनिवार्य है।

**(सालिसिटर - अधिवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार, राजनैतिक विश्लेषक व परोपकारक)**

# सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, गाइडलाइंस भी की गईं जारी

## जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो** = रामनवमी पर्व 2024 को लेकर जिले में विधि -व्यवस्था संधारण हेतु जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरबिंद कुमार, सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने सभी लाईसेंसधारी एवं गैर लाईसेंसधारी अखा?ा की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारी से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पडने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने समीक्षा के दौरान जुलूसो की रूट की बेरिकेटिंग करने का निदेश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निदेश दिया। उन्होंने भीड भाड वाले स्थानों पर अग्निशमनालय की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे। जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काउ पोस्ट से बचे। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें से सम्बंधित आमजनों से अपील की । उनके द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया गया कि जुलूस जहाँ घूम-घूमकर एकत्र होगी, उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें। जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों से कहा कि अखाडा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे किसी भी तरह आपात स्थिति में संबंधित लोगों से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था संधारण किया जा सके।

उन्होंने दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों की पहचान करते हुए इसकी सूची तैयार करने को कहा तथा जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 107/106 के तहत कितने व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है, इसकी सूची की जानकारी ली। अगर कोई व्यक्ति छूटे हुए हैं तो उसके खिलाफ भी 107/106 के तहत कार्रवाई करने को कहा।

# शिक्षा ही आपकी भाग्य विधाता है, शिक्षित बनो और आगे बढ़ो : परियोजना प्रधान



**बोकारो थर्मल** = डीभीसी ईडीसीएल के द्वारा जुबली पार्क में रविवार की रात्रि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 133 बी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित वा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में डीभीसी हाई स्कूल,मिडिल स्कूल वा डीबीसी केंद्रीय विद्यालय के छात्र वा छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई वही छात्रों द्वारा बाबा साहेब की जीवनी पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए, छात्र छात्राओं द्वारा चित्रांकन, क्यूज वा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब ने विषम परिस्थितियों में भी संघर्ष कर के अपनी एकाग्रता,सहनशक्ति को बनाकर आगे की ओर बढ़ते गए,आज हमे एक कवि की वो पंक्ति याद आती है गिरे हुए को जिन्होंने स्वाभिमान सिखाया था, जिसने हम सबको तूफानों से टकराना सिखाया था, देश का वो था अनमोल दीपक जो बाबा साहब कहलाया था,बाबा साहेब बहुत संघर्ष करने के बाद इस मुकाम तक पहुंचे थे उनकी दी हुई देश हित में प्रेरणा हमे बहुत कुछ सिखाती है मैं ज्यादा ना बोलकर यही कहूंगा पढ़ो और आगे बढ़ो। वही डीभीसी के उप महा प्रबंधक वी जी हॉलकर ने कहा कि बाबा साहेब शुरू से ही समाज में ऊंच नीच भेद भाव को समाप्त कर एक समानांतर समाज जो समाज में एक सामान रह सके इसकी कल्पना की थी साथ ही उन्होंने कहा आज भी हमारे समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जो ऊपेक्षित हैं खासकर वो महिलाएं जो आज भी असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं,बाबा साहेब ने कहा था शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो, कार्यक्रम में सूर्य नारायण प्रसाद,सुदीप्ता भटाचार्य बिश्वमोहन गोस्वामी आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ।

वही कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षक शिक्षिकाओ एवम छात्र छात्राओं के बीच पुरुष्कार का भी वितरण मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि वा असैनिक विभाग के उप महा प्रबंधक बिश्वमोहन गोस्वामी के द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर ईडीसीएल के अध्यक्ष मनीष कुमार चौधरी , केरल टुडू, रमेश कुमार, आरती रानी, रामलाल पासवान, पीके बाला, मुखिया चंद्रदेव घासी, चदना मिश्रा, सीमा देवी, हरदीप कुमार सहित सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बुद्धा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अम्बेडकर जयंती

## अम्बेडकर जयंती पर वृक्ष बचाव का लिया संकल्प



**जैनामोड़** = बालीडीह स्थित बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं एक साथ मिलकर बाबा डॉ भीम राव अम्बेडकर का 133 वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया । इस अवसर पर स्कूल का प्राचार्य शशिभूषण सिंह ने कहा कि डॉ राव भारतीय संविधान के निर्माता थे । उनके संविधान में न्याय ही न्याय की संभावनाएं थीं ,। यह ऋषि गौतम बुद्ध की धरती है । इस अवसर पर बुद्ध की जयंती मनाते हुए छात्र -छात्राओं? ने एक-एक पेड़-लगाने संकल्प लिया । कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के प्राचार्य शशी भूषण सिंह ने बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से शिवानी सिंह , सुमन कुमारी-कुमकुम कुमारी , आरती टुडू ,निशा कुमारी , रूकमनी कुमारी , लक्ष्मी कुमारी ,विधा कुमारी ,रेणु कुमारी , आदि शामिल थे.।

# चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा डोर टू डोर जाकर मतदाता को किया गया जागरूक



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**एग्यारकुंड।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा वार्ड संख्या 11 में डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया ताकि क्षेत्र के नागरिक निर्भर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

इसकि जानकारी देते हुए नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि वार्ड संख्या 7 में विभाग के पदाधिकारी व सुपरवाइजर द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा गया व मतदान करना क्यों जरूरी है उसके बारे में भी लोगों को समझाया गया।उन्होने लोगों से अपील किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग किसी राजनितिक दल व नेता के दबाव में नही करे निर्भय होकर स्वेच्छा से ही अपना मताधिकार का प्रयोग करें साथ ही लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मौके पर निवर्तमान पार्षद संजिव सिंह,सीआरपी बंदना पत्र,राधा देवी,सीमा देवी, सुपरवाइजर अमर दास,ओंकार नाथ श्रीवास्तव,चिन्मय बनर्जी आदि थे।...

# टुंडी के बेहडा बादलपुर में श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाला गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**टुंडी** = टुंडी प्रखण्ड के बेहडा बादलपुर में तीन दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। गाजे-बाजे के साथ निकले कलश यात्रा में 500 से अधिक महिला, कुंवारी कन्या श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में भाग ली। कलश यात्रा को लेकर सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं बेहडा बादलपुर हनुमान मंदिर पर पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह करीब 8 बजे यज्ञ आचार्य पंडित संजय पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मण के द्वारा मंत्रोच्चारण और विधी विधान के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर लखनपुर होकर खेशमी जोरिया पहुंचे जहां विधि विधान के साथ कलश में जल भरने का कार्यक्रम पूर्ण किया गया जहां से वापस मंदिर परिसर पहुंचे। इसके बाद पञ्चाङ्ग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, पुष्पाधीवास, आरती इत्यादि का कार्यक्रम किया गया 7 मंगलवार को प्रातः वेदी पूजन, नगर भ्रमण, शैयाधिवास, आरती तथा रात्रि में भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा तथा बुधवार को प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, एवं प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया जा रहा है मौके पर अध्यक्ष सुरेश महतो, झगरु महतो, सचिव मनोज महतो, दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष राजेश रजवार, लक्ष्मण महतो, रवि महतो, दामोदर महतो, हराधन महतो, संजीव महतो, पप्पू महतो, संतोष महतो आदि सक्रिय हैं ।..

# बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर में 24 घंटे के अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन



**एग्यारकुंड।** बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर में 24 घंटे के अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन। अखंड कीर्तन को लेकर सोमवार को कमेटी के सदस्यों एवं बिहार फायर ब्रिक्स के ग्रामीणों ने मिलकर कलश यात्रा निकाले,जिसमें 151 कन्या एवं महिलाओं ने कलश उठाएं। बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर से कलश उठाएं और गाजे बाजे के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हुए खुदीया नदी पहुंचे वहां पंडित नित्यानंद जी ने पूजा पाठ की व कलश को संकल्प किया। उसके बाद कलश कन्या एवं महिलाओं ने कलश में खुदीया नदी से जल भरकर अपने सिर पर कलश को रखकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए बजरंगबली मंदिर पहुंचे। श्रद्धालु कलश लेकर मंदिर में पहुंचने के बाद दस बजे से अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। और मंगलवार के सुबह दस बजे तक समाप्त होगा। मौके पर कमेटी सदस्य विजय सिंह, सूबेदार साहू,घोषाल राम,संजय महतो, सुनील यादव,सोनू साव,अजय राम, भीम यादव एवं बिहार फायर ब्रिक्स के ग्रामीण मौजूद थे।.

# धनबाद विधानसभा स्तरीय मासस एंव मायुमो की बैठक संपन्न

## देश की सार्वजनिक संस्था की लूट की खुली छूट दे रखी है:जगदीश रवानी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**धनबाद**= सोमवार को धनबाद विधानसभा क्षेत्र मासस एंव मायुमो की संयुक्त कार्यकर्ताओं की एक बैठक नरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक का संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने की। बैठक में मुख्य रूप से मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि आज देश को भाजपा एक नई गुलामी की ओर ले जा रहा है।देश के तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ - साथ यहां की संपदा को लूटने की खुली छूट दे रखी है। आज झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहा है।आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी है। जिसका निदान भाजपा के पास नहीं है।उन्होंने कहा कि आज कोयलांचल में चाहे माफिया शक्ति हो या लुटेरा,रंगदार हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस और लाल झंडा लड़ते आयी हैं। ये चुनाव देश के साथ-साथ कोयलांचल की भविष्य निर्भर करता है।द्यइसलिए आम जनता, मजदूर - किसान से आह्वान है कि मासस को अपना व्यापक मतदान देकर सही जनप्रतिनिधि संसद में भेजने का काम करें। जो यहां की मजदूर किसान, छात्र, नौजवान, आम गरीबों की आवाज बनेगी। मुझे विश्वास है की, इस बार मासस एवं लाल झंडा भाजपा के विजय रथ को रोकेगी।

बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, दिलीप भुईया, लालु राय, रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।.

## एक-नजर

### पीडीजे की अध्यक्षता में यू0टी0आर0सी0 की त्रिमासिक बैठक हुई

**बोकारो** =झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को यू0 टी0आर0 सी0 (ज्ञत्रष्ट) की त्रिमासिक बैठक की गई। जिसमें उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारों पूज्य प्रकाश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो निभा रंजना लकड़ा, जेल अधीक्षक अरुनाम, प्रभारी लोक अभियोजक विरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें। बैठक में कुल 55 अभियुक्तों के मामलों के संबंध विचार - विर्मश किया गया। इस संबंध में सचिव,जिला विधिक प्राधिकार बोकारो निभा रंजना लकड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत मुख्य तौर पर वैसे बंदी जिनकी जमानत संबंधित न्यायालय द्वारा हो चुकी है,किंतु किसी कारणवश उनके द्वारा बैल बॉन्ड दाखिल नहीं किया जा रहा है। उन्हें पीआर बॉन्ड के माध्यम से रिलीज करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ दंड प्रक्रिया संहिता 436ए के तहत आने वाले बंदियों को भी इस अभियान के माध्यम में रिलीज किया जाएगा. .।

### रोटरी क्लब चास द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई

**बोकारो** = रोटरी क्लब चास द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गयी है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा की बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। चोपड़ा ने कहा कि नियमित खेल से हम अब खेल में कैरियर भी बना सकते हैं। चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधियां एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बच्चों का खेलना अत्यावश्यक है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है।बैद ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत आज बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डिंपल ने बताया बच्चों को क्रिकेट बैट,विकेट सेट,कैरेम बोर्ड ,बढल,बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चैस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क,स्कीपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। डिंपल ने कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी । खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए। स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, ऊषा कुमार,कमल तनेजा,अमन मल्लिक, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह,माधुरी सिंह, किरण कुमार,मुकेश केजरीवाल,रीतू केजरीवाल, शैल रस्तोगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा. .।

### गोपनाथपुर बस्ती मे बजरंग बाउरी के आवासीय कार्यालय में बाबा अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया

**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत के गोपनाथपुर बस्ती में बजरंग बाउरी के आवासीय कार्यालय में बाबा अंबेडकर जयंती मनाया गया । बजरंग बाउरी एवं उसके साथियों ने आवासीय कार्यालय पर संविधान के रचयिता बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम के फोटो पर पुष्प के माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिसमें बजरंग बाउरी,जीबन बाउरी, राजकुमार सिंह,शक्ति दास,सुरेंदर, संजय,रमेश बाउरी, बिकाश बाउरी, रबी बाउरी सस्टि लाल, बाबन, सोनाराम टुडू,उपस्थित थे।...

### बलियापुर बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलियापुर** =बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को क्षेत्र के मतदान केंद्रो में भौतिक निरीक्षण व एएनएफ का सत्यापन किया। धोखरा पंचायत व बलियापुर पश्चिम पंचायत समेत विभिन्न मतदान केंद्र शौचालय पेयजल बिजली पानी की स्थिति अवलोकन करने पर ठीक-ठाक पाया गया। बीडीओ ने सभी पर्यवेक्षक के साथ एएनएफ सुरक्षित करने के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई।

इसके अलावे स्विप कार्यक्रम के दैनिक क्रियाकलापों में बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कालीपुर के छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।बेलगड़िया में बीएलओ पर्यवेक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।.

### बलियापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ईस्ट कैंपस में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**बलियापुर**=बलियापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ईस्ट कैंपस सांवलापुर में सोमवार को गुजरात अहमदाबाद की मदरसन ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कपनी ने कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया. इस दौरान 400 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया. जिसमें 265 छात्रों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को जॉब के लिए सभी को गुजरात भेजा जायेगा. इसमें फिटर, इलेक्ट्रिशियन, डीजल मैकेनिकल, वेल्डर आदि विभाग के विद्यार्थी शामिल हैं.।

मौके पर कंपनी के एचआर मो कलीम अंसारी,मो अकबर अंसारी, इंस्टीट्यूट के निदेशक अब्दुल सत्तार, संयुक्त निदेशक अब्दुल जब्बार, प्राचार्य सदाकत हुसैन अंसारी, उप प्राचार्य मो इस्लाम अंसारी, टेक्निकल एडवाइजर गोकुल चंद्रदेवनाथ, वरिष्ठ अनुदेशक सीआर उपाध्याय, नूर आलम, एमसी मंडल, विनय कुमार, इमामुल अंसारी, मिनाजुल हक, जियाउल हक, मो आरीफ, मुजफ्फर आलम, विकास महतो, रंजीत चालक शामिल थे. निदेशक अब्दुल सत्तार व संयुक्त निदेशक अब्दुल जब्बार ने कहा कि ईस्ट केंपस छात्रों को तकनीकी शिक्षा दी जाती है। भारत के विभिन्न शहरों में काफी संख्या में छात्र नौकरी कर रहे हैं।

### ढांगी में बीडीओ ने स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**बलियापुर** बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को करमाटांड़ पंचायत के ढांगी स्वास्थ्य आयुष्मान आरोग्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया । केंद्र में सीएचओ श्रीमती रेणु मौजूद थी। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर दवाई वितरण पंजी आदि का अवलोकन किया गया ।दवाई वितरण पंजी का संधारण सही तरीके से नहीं किया गया। जबकि ओपीडी रजिस्टर में 13 अप्रैल 2024 तक प्रविष्टि किया गया है ।दवाई से संबंधित भंडारण पंजी के अवलोकन से पता चलता है कि केंद्र को प्राप्त दवाइयां का प्रविष्टि भंडार पंजी में नियमित रूप से नहीं किया जाता है ।केंद्र में दवाई की उपलब्ध नहीं पाया गया ।बीडीओ द्वारा श्रीमती रेनू से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार से बीडीओ द्वारा फोन पर इसकी जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सक ने बताया गया कि नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र नहीं खुलने के कारण पंजीयों के सही तरीके से संधारण नहीं हो पाए हैं। स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से नहीं खुलने पर संस्थागत प्रसव नहीं हो पा रहे हैं। चिकित्सा पदाधिकारी को जांच कर लिखित जांच प्रतिवेदन का मांग किया प्रतिवेदन उपलब्ध होने पर वरिय अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी ।मालूम रहे की 20 सूत्री की बैठक में डांगी आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का मामला उठाया गया था। जिसके तहत बीडीओ ने निरीक्षण किया।

## चार दिनों तक चलने वाला महापर्व चैथी छठ उदयगामी अर्ध्य के साथ विश्राम



**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखण्ड के पलौंजिया,कुम्हरपिटनी,कारूटांड आदि गांवों में चार दिवसीय महापर्व चैती छठ बडे ही धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया । व्रतियों ने चैती छठ महापर्व का नहाय खाय शुक्रवार को विधिवत की तथा शनिवार शाम को खरना किया गया । वहीं रविवार को चावल,आटा, गुड,घी आदि से ठेकुआँ बनाया गया तथा फल-फूल अर्पित कर भगवान अस्तलगामी एवं सोमवार को भगवान उदयगामी को अर्ध्य देकर पर्व की विश्राम की गई । इस महापर्व को सूर्य पूजा भी कहा जाता है । राजधनवार के प्रेम प्रकाश साव पलौंजिया में रहकर पिछले 10 वर्षो से चैती छठ कर रहे हैं । वे बताते हैं कि छठ पर्व की तरह ही चैती छठ भी मनाया जाता है तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है ।..

# एफएसटी/एसएसटी/वीएसटी/वीवीटी की बैठक आयोजित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह अमित सहाय :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एफएसटी/एसएसटी/वीएसटी/वीवीटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उक्त टीमों को उनके कार्य एवं दायित्वों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही सी-वीजील एप्प के माध्यम से आन लाइन रिर्पोटिंग का निर्देश दिया गया।

**स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव संपन्न कराने के लिए हम कृतसंकल्पित :उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव संपन्न कराने के लिए हम कृतसंकल्पित है। चुनाव कार्यों के सफल संचालन में आप लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने उक्त टीमों के कार्य व दायित्वों की चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि कार्य शैली में तब्दिली लाकर सघन वाहन जांच चलाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि उड़न दस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम नकदी का अवैध अदान-प्रदान, शराब वितरण या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, उसका पता लगााकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जांच की समस्त प्रकिया की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के तहत सार्वजनिक स्थलों एवं व्यक्तिगत दीवारों पर राजनैतिक दलों से संबंधित पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, लगे झंड़े का अनुमति पत्र का अवलोकन कर सत्यापन आवश्यक रुप से करें। सभी टीम को सक्रिय रूप से अपने कार्य/दायित्वों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक-नजर

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित

**गिरिडीह अमित सहाय :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय के निर्देशानुसार सोमवार को पूरे देश/ प्रदेश में हो रहे प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर गिरिडीह जिला में भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रधान कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। भारतीय जनता पार्टी झारखंड के सरोज सिंह, भाजपा, प्रदेश महासचिव सरोज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता के साथ आजसू जिलाध्यक्ष गुड्डू यादव,कामेश्वर पासवान,मनोज संघई ,सदानंद राम मौजूद रहे। भाजपा ने अपना चुनावी संकल्प पत्रा जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब, किसान को सशक्त करेगा। भाजपा में संकल्प पत्र में मोदी की इन गारंटी का विशेष जिक्र है, जिनका उल्लेख पीएम मोदी ने अपने भाषण में किया।

**संकल्प पत्र में मोदी की ये गारंटी =-**

देश में जन औषधि केंद्रों का विस्तार किया जाएगा, लोगों को सस्ती दवाएं लगातार मिलती रहेगी। 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। देश में मुफ्त राशन योजना अगले 5 साल तक जारी रहेगी। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार होगा।सस्ते सिलेंडर के बाद अब पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे। सरोज सिंह ने कहा कि संकल्प पत्र तैयार करने के लिए 4 लाख सुझाव ऐप के माध्यम से भी आए और करीब 10 लाख सुझाव वीडियो के माध्यम से आए। सभी बातों पर बहुत ही गंभीरतापूर्वक विचार हुआ है।

**10 साल के काम का उल्लेख**

बीते 10 साल इस बात का प्रमाण है कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है और बारहमासी सड़कें बनाई गई है। देश की 25 करोड़ आबादी अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी अब 1 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

**देशवासियों से किया हर वादा पूरा किया**

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया हुआ हर वादा पूरा किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम 2014 का चुनाव लड़ा था तो उस समय मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। तब मोदी जी के आग्रह को ध्यान में रखते हुए पार्टी का जो संकल्प पत्र तैयार किया गया था, उसमें इस बात का विशेष ध्यान रखा गया था कि जो भी संकल्प हम देश के सामने रखें उसे हम पूरा करें। मुझे ये कहते हुए प्रसन्नता है कि 2019 में जो भी संकल्प हमने लिए आज 2024 तक उन सबको पूरा करने में हमने कामयाबी हासिल की है।.

### अधिकारी बेखर, पत्थर का अवैध कारोबारी मालामाल, प्रशासन को दे रहा खुली चुनौती

**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखण्ड में इन दिनों ध?ल्ले से पत्थर का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। अवैध पत्थर का अवैध कारोबारी लगातार प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा है और अधिकारी बेखबर है। अवैध पत्थर और ओवरलोड होने के कारण रात के अंधेरे में की जाती है ढुलाई । बिना चालान के अवैध पत्थर को पहुंचाया जाता है अन्य जिला। अवैध पत्थर होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से गुजरती है हाईवा, ग्रामीण दहशत में गुजारती है रात।

तीन घन्टे में तय करते हैं 150 किलोमीटर,बडी वाहनों को 40 किलोमीटर प्रति घन्टे के रफ्तार से होता है चलना ।

ये हम नही हाईवा चालक कह रहे हैं =- देखिए रिपोर्ट

तेज गति होने के कारण होते रहती है बडी घटनाएं । ताजा मामला बिरनी के अरारी गाँव में सोमवार सुबह 5 बजे की है। जो तेज गति होने के कारण गाय को अपनी चपेट में ले लिया और हाईवा मौके से फरार हो गया । हालांकि गाय बाल-बाल बच गई । घटना के ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और सभी हाईवा को रोक दिया तथा इसकी सूचना स्थानीय सीओ सारांश जैन,थाना प्रभारी एवं बगोदर-सरिया अनुमंडल पदाधिकारी विपिन दुबे को दी । थाना प्रभारी राजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर चारों हाईवा को कब्जे में लेकर थाना ले गए । ग्रामीण सुखदेव रजक,पंकज यादव,दशरथ बैठा,युगल किशोर बैठा,नन्दलाल राम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए कहा कि 5 दिन पूर्व भी एक गाय को हाईवा ने जख्मी कर फरार हो गया था । जिसके बाद ग्रामीणों ने 4 दिन पूर्व हाईवा चालकों को धीरे चलने की थी नसीहत भी दी थी परन्तु अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं हाईवा चालक । ग्रामीणों ने बताया कि हाईवा की गति इतनी तेज होती है कि पिछले वर्ष एक खडी बाइक को रौंदते हुए फरार हो गया था जिसके बाद हाईवा को पकडकर क्षति हुए बाइक की भरपाई भी किया था । ग्रामीणों ने कहा यदि अब भी प्रशासन कार्रवाई नही करती है तो हम सभी आंदोलन करेंगे और आवागमन पर भी रोक लगा देंगे।.

### लोक आस्था व सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ संपन्न

**बेंगाबाद-** हरिला पंचायत के जलाशयों के तट पर स्थित प्रसिद्ध पांडेशवर धाम की प्राकृतिक छटाओं में अवस्थित सूर्य मंदिर से छठव्रती पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर अर्घ्य अर्पित किया। जलाशयों में अर्घ्य अर्पित के बाद दर्जनों छठव्रती मंदिर परिसर में आकर अर्घ्य अर्पित करते ही भूख प्यास व थकान भूल जाते हैं ।एक और जहां भगवान सूर्य की महिमा वहीं दूसरी ओर पांडेशवर धाम की अलौकिक छटाओं तथा प्रकृति की वादियों में खो जाते हैं यहां की दिलकश नजारे को देखने हर वर्ष छठव्रती खींचे चले आते हैं । हरिला पंचायत के मुखिया सुधीर रजवार समाजसेवी सुनील कुमार आदि बताते हैं कि यही कारण है कि इस वर्ष भी स्थानीय लोगों के अलावा दूसरे प्रखंड व जिले के अलावे अन्य राज्यों के छठव्रती चैती छठ करने भी पांडेशवर धाम स्थित सूर्य मंदिर आने लगे हैं।उदयीमान भगवान सूर्य के अर्घ्य अर्पित के साथ ही लोक आस्था व सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ सोमवार को भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया।

### सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मीडिया कोषांग/स्वीप सेल/सोशल मीडिया सेल/लॉजिस्टिक सेल द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, निर्वाची पदाधिकारी, 31 गांडेय, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग/मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग/स्वीप कोषांग समेत मीडिया कोषांग/स्वीप कोषांग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है, ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम मानी गई है। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाय ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।

# बाल विवाह रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा :इंकज

## टीम ने पंचायत में एक नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाया।



**तिसरी :** गुप्त सूचना के आधार पर चाइल्ड लाइन गिरिडीह और सवेरा फाउंडेशन की टीम ने सोमवार को तिसरी के बेलवाना पंचायत में एक नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाया। बताया जाता है कि मामला प्रेम प्रसंग का था और दोनो नाबालिग है।

दोनों के अभिभावक प्रेम - प्रसंग के कारण दोनो की शादी करवाना चाहते थे। जिसकी गुप्त सुचना चाइल्डलाईन और सवेरा फाउंडेशन की टीम को मिली थी। जिसके बाद उक्त टीम बेलवाना गांव पहुंचकर दोनों के अभिभावकों से बातचीत कर उन्हें समझाया। साथ ही ल?की की उम्र 18 वर्ष और लडके का उम्र 21 वर्ष होने के बाद ही विवाह करवाने की बात लिखित रूप में ली गई। मौके पर सवेरा फाउंडेशन प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि समाज के लिए बाल विवाह एक अभिशाप है, इसे रोके बगैर एक सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लिहाजा समाज के हर एक वर्ग को उसके विरुद्ध आगे आने की जरूरत है। मौके पर चाइल्ड लाइन प्रवेक्षक रंजीत साव, केस वर्कर राहुल कुमार , समानता शिक्षा केंद्र के सचिव सहित संजय टुडू , राजेश ठाकुर आदि ग्रामीण मौजूद थे।.

# असंगठित मजदूर मोर्चा का मधुबन शाखा के सदस्यों का बैठक




**मधुबन(गिरिडीह)** हटियाटांड मैदान के प्रागंण मे सोमवार को असंगठित मजदूर मोर्चा का मधुबन शाखा के सदस्यों का एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजीत राय ने किया।वही बैठक का संचालन शाखा सचिव मनोज कुमार महतो ने किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने अगामी 01 मई को मजदूर दिवस पूरे हर्षोउल्लास व उत्साह के मनाने पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही साथ बताया गया की अगामी एक मई को समिति की ओर से 11 बजे झण्डोतोलन फिर शहीद बेदी पर माल्यार्पण एवम दोपहर को आमसभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निणर्य लिया गया है। मधुबन मे कार्यरत स्थाई मजदूर, दैनिक मजदूर, डोली-गोदी ढोने वाले मजदूर, समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्य, एवम परिषद के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी सोंपी गई है।एवम प्रचार-प्रसार तथा दीवार लेखन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।सचिव श्री महतो ने बताया की मधुबन के अलावे पारसनाथ पर्वत मे कार्यरत सभी मजदूरों को कार्यक्रम में भाग लेना है ईसकी भी तैयारी किया जा रहा है।एवम कार्यक्रम में भाग लेने की जिम्मेवारी भी दिया गया है।बैठक में मुख्य रूप से द्वारिका राय,सुरज तुरी,थानुराम महतो,सोहन महतो,अनील किस्कू,कामेश्वर महतो,रूपलाल महतो,परसुराम महतो,बैधनाथ महतो,गिरधारी महतो,कैलाश सिंह,सोनू महतो,चरण महतो,बिरजू राय,डेगनी देवी,पचिया देवी,पूजा देवी,सोहगी देवी,कारी देवी,रूपलाल राय,रामु राय,।

# बिरनी सीओ अफ़सरशाही बंद करे और जनता का काम करें-उप प्रमुख



**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी अंचलाधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर लुट तंत्र का जाल बुन रहे हैं।। इसका विरोध करने पर झुठा मुकदमा दर्ज कर परेशान किया जा रहा है।। उक्त बातें बिरनी प्रखंड के उप प्रमुख सह भाकपा माले नेता शेखर सुमन ने कहा कि अंचल कार्यालय की अगर बात करें तो यहां किसानों का ज़मीन दाखिल खारिज लम्बित पड़ा हुआ है। भुक्तभोगियों के आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है।। जमीन विवाद को लेकर बिरनी में खुनी संघर्ष हो रहा है और बिरनी के अंचलाधिकारी उगाही करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर और हाइवा का धड़पकड़ कर रहे हैं।। जबकि देखा जाए तो झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास निर्माण कार्य चल रहा है गरीब किसान मजदूर अपना आवास बना रहे हैं। आवास निर्माण कार्य में बालू की आवश्यकता है और लोग जब ट्रैक्टर के माध्यम से बालू लाते हैं तो बिरनी सीओ उक्त बालू गाडी को पकड़ कर थाना ले जाते हैं इसका विरोध अगर ग्रामीणों द्वारा किया जाता है तो लोगों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज करते हैं।। उप प्रमुख शेखर सुमन ने उपायुक्त महोदय से आग्रह करते हुए कहा कि अबुआ आवास में लाभुक बालू कहां से उपयोग करेगा इसका एक निर्देश जारी करना चाहिए ताकि लोगों को सुविधा उपलब्ध हो सके।।

गौरतलब हो कि बीते दिनों बिरनी के चानो नदी से एक ट्रेक्टर अबुआ आवास के लिए बालू ले कर जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ अंचलाधिकारी बालू ट्रैक्टर को पकड़ने चले गए। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से फरियाद किया की अबुआ आवास निर्माण के लिए बालू ले जा रहे हैं लेकिन सीओ ने एक नहीं सुनी और जप्त ट्रेक्टर को थाना ले जाने का प्रयास करने लगे। मौके पर भाकपा माले नेता सह पुर्व प्रमुख सीताराम सिंह पहुंचे और अंचलाधिकारी से गाड़ी छोड देने का अपील किए लेकिन सीओ ने पुर्व प्रमुख के साथ बदसलूकी करने लगे इससे नाराज़ ग्रामीणों ने विरोध किया। परिणाम यह हुआ कि अंचलाधिकारी ने बिना कुछ सोचे-समझे पुर्व प्रमुख सीताराम सिंह पर मुकदमा दर्ज कर दिया।।

उप प्रमुख शेखर सुमन ने कहा कि अंचलाधिकारी बतावे की बडी बडी कम्पनियां बिरनी में कार्य कर रही है वह बालु कहां से ला रहा है।। और गरीब किसान मजदूर आवास निर्माण में बालू कहां से उपयोग करेंगे इसका जवाब अंचलाधिकारी को देना चाहिए। अगर अंचलाधिकारी ने इसका जबाब जनता को सार्वजनिक रूप से नहीं दिया और पुर्व प्रमुख पर किए गए झुठा मुकदमा वापस नहीं लिया तो जनता इसका हिसाब लेना भली भांति जानती है।।.

## मालिक सहित कोयला के अवैध धंधा में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**डुमरी-** डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकडे जाने के मामले में चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।उक्त कार्रवाई गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया।इस मामले में खनन विभाग के निरीक्षक के लिखित शिकायत पर ट्रक के चालक,मालिक सहित कोयला के अवैध धंधा में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।ट्रक में 25 टन स्टीम कोयला लदा है। बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि जेएच 10बीएएच 3273 नंबर की ट्रक में धनबाद की ओर से अवैध कोयला लाद कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है।सूचना पर एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी प्रिनन पुअनि पितरुश केरकेटटा एवं सास्त्र पुलिस बल की टीम ने उक्त नंबर की ट्रक को कुलगो टॉल प्लाजा के समीप रोका।मांगे जाने पर चालक द्वारा प्रस्तुत किये गये कोयला से संबंधित कागजातों की जब खनन विभाग के निरीक्षक द्वारा सत्यापन किया गया तो फर्जी पाया गया।मामला दर्ज होने के बाद मौके से हिरासत में लिए गये ट्रक के चालक धनबाद गोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के परासी निवासी सुर्फउददीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया जिसे बाद में जेल भेज दिया गया।.

# रामनवमी पर्व को शांति एवं सौहार्द वातावरण मे संपन्न कराने का अपील किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**डुमरी-** रामनवमी में विधि व्यवस्था के संधारण एवं पर्व को शांति एवं सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न कराने के दिशा में आवश्यक विचार विमर्श हेतु सोमवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता डुमरी एसडीएम शहजाद परवेज ने किया जबकि बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ सुमित प्रसाद बीडीओ अन्वेषा ओना सीओ शशि भूषण वर्मा बीडीओ सह सीओ पीरटांड़ मनोज मरांडी इंस्पेक्टर डुमरी मनोज कुमार डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन निमियांघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह पीरटांड़,मधुबन,खुखरा थाना प्रभारी सहित प्रमुख उषा देवी भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल,जिवाधन महतो आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी पीरटांड़ उप प्रमुख महेन्द्र महतो जिप सदस्य धनंजय प्रसाद झामुमो नेता बरकत अली,राजकुमार पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।बैठक रामनवमी को सौहार्द एवं शांति के वातावरण में संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपेक्षा एवं समाज में अपनी सक्रियता निभाने की अपील की गई साथ ही उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा रामनवमी को लेकर दी गई दिशानिर्देश तथा लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता की

जानकारी दी गई।वहीं रामनवमी अखाड़ा जुलूस पूर्व के रूट के अनुसार ही निकालने,आग से जुड़ी कला का प्रदर्शन नही करने,अश्लील व भड़काऊ गीत एवं नारा नहीं लगाने,डीजे नहीं बजाने,जुलूस का वीडियो रिकॉर्डिंग करने,शराब का सेवन नहीं करने,अखाड़ा समिति के सदस्यों का थाना से परिचय पत्र बना लेने का निर्देश दिया गया।साथ ही पुलिस प्रशासन के द्वारा बताया गया कि समाज में वैमनस्य व अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि अखाड़ा जुलूस का ड्रोन कैमरे के द्वारा नजर रखी जाएगा वहीं स्वास्थ्य विभाग एवं बिजली विभाग को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा।बताया गया कि अनुमंडल स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी जिसपर कोई भी जानकारी साझा किया जा सकता है वही उपस्थित अधिकारियों ने अपने अपने संपर्क नंबर साझा किया।बैठक में डुमरी मुखिया शोभा जायसवाल जामतारा मुखिया खेमलाल महतो कल्हाबार मुखिया नूरउद्दीन अंसारी बेरहा सूईयाडीह मुखिया सुबोध यादव,विवेक कुमार, डालोराम महतो,अजीत कुमार युवा कांग्रेस के गंगाधर महतो,सरफराज अहमद उपप्रमुख उपेन्द्र महतो बबलू मुखिया परमेश्वर तुरी,सीताराम तुरी,जगरनाथ ठाकुर, डालेश्वर गोप,राजकमल महतो,डुमरचंद महतो सहित क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि तथा अखाड़ा समिति के सदस्य व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।.

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**राजमहल :** रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी, अंचल अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, उप–समाहर्ता विमल सोरेन ने राजमहल थाना क्षेत्र के जामनगर, लखीमपुर, मनसिंघा, फूलवरिया, नयाबाजार, राजमहल बाजार, नीलकोठी, तीनपहाड़ मोड़ सहित अन्य इलाकों में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। जहां संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों में गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि रामनवमी पर्व को प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं। उधर फ्लैग मार्च के दौरान एसडीओ कपिल कुमार ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की।

### स्कूल के रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग, शिक्षिको की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

**बरहेट संवाददाता:** प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार के समीप स्थित आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बरहेट में सोमवार की सुबह रसोई घर में गैस सिलेंडर में आग लगने से स्कूल में अफरा तफरी मच गई हालांकि घटना से कोई नुकसान नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रसोइयां विद्यालय के बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर से खाना बना रही थी उसी दौरान गैस का रिसाव होने से रसोई घर में आग फैल गया। इस घटना के दौरान विद्यालय के शिक्षिकों की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते होते टल गया। जहां विद्यालय के शिक्षिकों ने गैस सिलेंडर के चारों ओर कंबल से ढक दिया जिससे कुछ मिनट बाद गैस का रिसाव बंद हो गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को कक्षा के बाहर रखा गया। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुमित्रानंदन कुमार भरत, मो. अकबर, मो. इंतेखाब्ब सहित अन्य शिक्षकों ने आग को काबू करने में सफल रहे।

### बरहेट आम बागान में भाजपा एसटी मोर्चा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**बरहेट संवाददाता:** राजमहल लोकसभा चुनाव को लेकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सलखू सोरेन के अध्यक्षता में धोबडिहा आम बागान में भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में बरहेट, बोरियो तथा पतना प्रखंड के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। वही बैठक में मुख्य रूप से बूथ पर्यवेक्षक कौशल जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी समेत प्रमुख कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर बिंदुवार चर्चा की। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का जनाधार है एवं कार्यकताओं की मेहनत से ही चुनावी जीते जाते है। जहां देश के गारंटी वाली सरकार को पुन: सरकार बनाने को लेकर कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचे और लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दें। वही सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने बूथों को मजबूत बनाए। इस दौरान बूथ पर्यवेक्षक कौशल जोशी ने सभी बूथ अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उधर महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू ने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने दायित्व पर लगनशील होकर अपने अपने बूथ क्षेत्र में काम करें। इस मौके पर पाकुड़ जिलाध्यक्ष किस्कू सोरेन, पतना अध्यक्ष सुनील मुर्मू, बोरियो से अनिल मुर्मू के अलावा अन्य एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

## 92 वर्षीय खलील अंसारी कर पाएंगे मतदान, एपिक नंबर जेनरेट : उपायुक्त

# रामनवमी जुलूस पर जिला प्रशासन की बनी रहेगी नजर



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा चुनाव 2024, रामनवमी पूजा एवं रामनवमी जुलूस को शांति सौहार्द वातावरण मनाने को लेकर अपील की गई। ज्ञात हो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मंडरो प्रखंड में मतदान बूथ निरीक्षण के क्रम में खलील अंसारी ऐसे दिव्यांग व्यक्ति पाए गए जो 92 वर्ष के हैं और एक बार भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किए हैं। वही उपायुक्त द्वारा बताया गया कि उनका फॉर्म 6 भरकर एपिक नंबर जेनरेट किया जा चुका है जिनका एपिक नंबर इस प्रकार हैं एमएनआर 7937 है। आगे उपायुक्त ने बताया कि खलील अंसारी पूर्व में बिहार के पूर्णिया जिला में निवास करते थे एवं हाल के दिनों से वह साहिबगंज में रह रहे हैं। वही उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी अपील किया गया है की जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं है वह फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम डलवा लें। जहां फार्म 6 आवेदन की अंतिम तिथि 4 मई तक निर्धारित की गई है। उधर रामनवमी पूजा एवं उनके जुलूस पर जगह जगह बैरिकेड, ड्रोन कैमरा से निगरानी, एसएसबी एवं पुलिस बलों द्वारा मार्गों का निरीक्षण एवं तैनाती व जिले में लगे सीसीटीवी कैमरा से कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिलेभर की मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इसे बेहतर करने के उपाय के बारे में पत्रकारों से सुझाव लिए। इस मौके पर जिले के सभी पत्रकारों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जहां उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार, मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है जिनका निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक खबरों से बचें आमलोग

## राजमहल विधायक ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** सोमवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के गदाई दियारा और गोपालपुर दियारा के नत्थू टोला, मकई टोला, पिलर टोला, बालू टोला, घीसू टोला सहित विभिन्न स्थानों पर लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को भी सुना। उधर विधायक ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उधर विधायक ने संवाद करते हुए ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का ही देन हैं कि हर घर में बिजली पहुँच गई हैं इसको लेकर लगातार उनके द्वारा प्रयास के बाद गोपालपुर दियारा में बिजली पहुँचाई गई। जहां आजादी के बाद से गदाई दियारा और गोपालपुर दियारा में बिजली नहीं पहुँच पाई थी। वही विधायक बनने के बाद दियारा क्षेत्र में भी तार पोल के साथ बिजली पहुँचाई गई। वही दियारा क्षेत्र में भी हर घर नल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम चल रहा है, पहले दियारा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास नही बन पाता था इसके लिए लगातार प्रयास के बाद दियारा क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री आवास बनने लगा हैं। वही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त में राशन लोगो को मिल रहा हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता रामानंद साह, बमबम मंडल, गौतम यादव, विनोद चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पंचायती राज पदाधिकारी ने किया पंचायत भवन का निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरहरवा:** जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार ने रविवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम बंगाल की सीमा से लगते कई पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान जब अचानक मिजार्पुर पंचायत भवन पहुंचे तो पाया कि, पंचायत के फंड में एनसीईआरटी की जो किताबें पढ़ने के लिए दी गई थी वह किताबें नहीं थी और जो भी थोड़ी बहुत किताबें थी वह कभी पढ़ाया ही नहीं गया जिस कारण से पंचायती राज पदाधिकारी वीएलडब्लू एवं पंचायत सेवक पर जमकर बरसे। साथ ही मुखिया के बैठने की भवन में आवश्यक सामग्रियां भी नहीं थी। इसके अलावे पंचायत भवन में निरीक्षण के दौरान बहुत सारी त्रुटियां पाई गई हैं। बताया जाता है कि जितने राशि पंचायत को आवंटित की गई थी उस राशि से मुखिया के भवन की सजावट पंचायत की रंगरोगन के अलावे बहुत सारे सामान नहीं खरीदा गया है। उधर जांच के दौरान पंचायत भवन में विभिन्न प्रकार की त्रुटियों को देखते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने वहां पर मौजूद वीएलडब्लू तथा पंचायत सेवक को जमकर खरी खोटी सुनाई। वही जांच के दौरान पंचायती राज पदाधिकारी ने पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सेवक तथा वीएलडब्ल्यू को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत के मद में जो राशि आवंटित की गई है उस राशि से अगर एक सप्ताह के अंदर सभी सामग्री नहीं खरीदा गया तो पंचायत सेवक एवं वीएलडब्लू पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उनके साथ प्रखंड मुख्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**राजमहल संवाददाता:** पिछले लोकसभा चुनाव में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान पर जोर दिया जा रहा है। जहां सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर द्वारा वैसे मतदान केंद्र संख्या 216, 232, 235 में जहां पिछले चुनाव में कम वोटिंग हुई थी वैसे मतदान केंद्रो पर भ्रमण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों को वोट देने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बैठक सह जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए नई पहल की है जिसके माध्यम से मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वही मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इन जागरूकता कार्यक्रमों में नागरिकों को मतदान के बारे में बताया गया। वही कुछ इलाके ऐसे रह जाते हैं, जहां पर किसी न किसी कारणवश मतदान प्रतिशत सामान्य से कम रहता है और अधिक से अधिक मतदाताओं को निर्वाचन के महापर्व में भाग लेने की और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई। इस मौके पर अभिजीत कुमार एवं ग्रामीणों उपस्थिति थी।

## बोरियो विधायक ने उधवा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चलाया जनसंपर्क अभियान



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**उधवा:** बोरियो विधानसभा से झामुमो के विधायक सह राजमहल लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले लोबिन हेंब्रम ने सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर उधवा प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उधवा चौक स्थित सुल्तान कॉम्प्लेक्स में राजमहल तथा उधवा प्रखंड के उनके सैकड़ो चाहने वालों ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। उधर लोगों ने स्वागत के दौरान लोबिन हेंब्रम जिंदाबाद तथा विजय हांसदा वापस जाओ का जोरदार नारा लगाया। इस दौरान श्री हेंब्रम ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को बताया कि वह गुरुजी शिबू सोरेन के चेला है। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत बनाने में उनका अहम भूमिका रहा हैं। आगे उन्होंने बताया कि झारखंड में 14 सीटों में राजमहल लोकसभा ही एक सीट है जो झामुमो के झोली में हैं। यहां सीट इतना आसानी से एक व्यक्ति विशेष के कारण वहां कभी भी खोना नहीं चाहता हैं। वही उन्होंने बताया कि वर्तमान सांसद विजय हांसदा के संसदीय काल में सभी लोग नाखुश है जहां जगह जगह से लोग लिखित मौखिक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से विरोध करते देखा जा रहा है। वही लोकसभा क्षेत्र के सभी पीड़ित दुखी कार्यकर्ता तथा आमलोग उनको फोन कर वर्तमान सांसद को दोबारा टिकट नहीं देने की आग्राह करते रहा। जहां उन्होंने स्वयं इस विषय को लेकर पार्टी आलाकमान से बात की, लेकिन उनकी बात को दरकिनार किया गया। आगे उन्होंने बताया कि झामुमो पार्टी को मुकाम तक पहुंचाने के लिए उनका भूमिका रहा है। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद इस जगह को हासिल किया हैं। लोगों के आशीर्वाद से सरकार भी बनी। ऐसे में एक सीट एक व्यक्ति विशेष के कारण हाथ से चला जाए वह नहीं चाहता है। जहां पार्टी के हित में तथा लोगों के आशीर्वाद से उन्होंने पूर्ण विश्वास के साथ निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय से चुनाव लड़ेंगे और चुनाव में जीत हासिल कर लोगों को विश्वास दिलाएंगे। उधर क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार को उधवा प्रखंड के बाघपिंजरा तथा उधवा चौक में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर अब्दुल हन्नान, जाकीर हुसैन, जमीरुद्दीन अहमद, काजी अब्दुल मुकीद के अलावा कई दर्जन जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ो लोगों ने उनका समर्थन किया।

## चानन गंगा घाट पर नहाने के क्रम में युवक हुआ लापता, तलाश जारी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के अंतिम दिन सोमवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य देने के लिए चानन गंगा घाट पर एक युवक नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। उधर स्थानीय लोगों के द्वारा हो हल्ला मचाने के बाद गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी राजू जयसवाल का 18 वर्षीय पुत्र सागर कुमार अपने अन्य दो दोस्तों के साथ गंगा नदी में स्नान करने के लिए आया हुआ था। जहां चानन स्थित गंगा नदी में स्नान करने के लिए सभी उतरे व नहाने के क्रम में सागर कुमार गंगा नदी के गहरे पानी में चला गया व लापता हो गया। उधर गंगा नदी में युवक के लापता होने की जानकारी जैसे ही स्थानीय लोगों को मिली इसकी सूचना तुरंत जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दी गई। जिसके बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय पूरे दलबल के साथ गंगा घाट पहुंचकर लापता युवक की तलाश में जुट गए। उधर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तत्काल युवक की खोजबीन शुरू की गई। वही घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार भी घटनास्थल पर पहुंचकर मोटर बोट के जरिये युवक की तलाश में जुटे नजर आए। हालांकि खबर भेजे जाने तक गंगा नदी में लापता युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। उधर इस घटना के बाद से युवक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### ऐतिहासिक तेलियागढ़ी किला खोता जा रहा अपना अस्तित्व, जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले में वैसे तो कई ऐसे ऐतिहासिक धरोहर है जो आज तक दूरदराज के इलाकों से आने वाले सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से महज 12 से 13 किलोमीटर दूर एतिहासिक तेलियागढ़ी का किला आज भी स्थित है। जो करमटोला रेलवे स्टेशन से महज दो किलोमीटर एवं मिजाचौकी रेलवे स्टेशन से चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जहाँ लोग पैदल व अपने निजी वाहन से आसानी पूर्वक आ जा सकते हैं। वही इससे सटा हुआ वन माता का मंदिर जिसे रक्सी स्थान के नाम से पूरे प्रदेश के अलावा अन्य जगहों के लोग भलीभांति जानते है। जहां लोग अपनी अपनी मन्नत को पुरा करने के ख्याल से एक पत्थर को लाल रंग के कपड़े में लपेट कर धूप दीप जलाकर उसी वन देवी के स्थान पर या पेड़ में बांध कर चले जाते है जहां हर शनिवार व मंगलवार को श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचते हैं और माता वन देवी की पूजा अर्चना करते हैं। ठीक उसी से सटा यह ऐतिहासिक तेलियागढ़ी किला आज अपने आप के अस्तित्व को खोता हुआ महसूस कर रहा है। कहा जाता है कि कई वर्षों पूर्व यहां एक तेलिया नाम के राजा का निवास करते थे। वही तैलिया राजा जल मार्ग से ही यहां से प्रस्थान करते थे। यह जगह उन दिनों समुद्र की तरह था। यहाँ से बैठे बैठे हर एक जाने वाली नाव इस किले को होकर गुजरता हुआ देखा जा सकता था। यह किला चट्टान की नकूली पत्थर से बना दीवार है। इसमें कई सारे सुरंग भी आज के तारीख में देखे जा सकते है। यह सुरंग कहाँ पर जाकर निकलता है शायद किसी को भी सही रूप से पता नहीं है जो कि अब ढहने लगा है और अपने अस्तित्व को खोता जा रहा है। अगर इस पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ध्यान नहीं देती है तो यह ऐतिहासिक किला अपना अस्तित्व को खो आने वाले समय में पूरी तरह से खो देंगी। वही इस किला के आसपास बहुत सारे दुर्लभ पशु पक्षी देखे जाते हैं। इस तेलियागढ़ी किला को संजोकर रखने की सख्त जरूरत है जहां एक पर्यटन का केंद्र भी होना चाहिए। उधर आज के दिनों में यहाँ पर आने से भी लोग भयभीत होते हैं इसका मुख्य कारण है चारों तरफ से जंगल से ढका होना। वही तीन से चार वर्ष पहले यहाँ पर एक पर्यटन स्थान बनाने के ख्याल से एक रूम का निर्माण किया गया था जिसे बनते ही रूम की खिड़की दीवार को असामाजिक तत्वों ने गायब कर दिया। आज के दिनों में इस विरान पड़ा हुआ जगह सा दिखता है। इस स्थान को पर्यटन स्थान का दर्जा देते हुए इसकी साफ सफाई व चारदिवारी के साथ बागवानी का निर्माण कर इस धरोहर किला को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। वही लोकसभा चुनाव में इस किला को अगर अच्छे से फिर से सजाकर बना दिया जाए तो यहां आने वाले सैलानियों को कई तरह की जानकारियां आसानी से मिल सकती है जिससे ऐतिहासिक धरोहर को संजोकर रखा जा सकता है।

# गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी हैं भाजपा के संकल्प पत्र के चार आधार: अनंत ओझा

### जिला भाजपा कार्यालय में राजमहल विधायक ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने प्रेसवार्ता आयोजित करते हुए भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी का गारंटी कार्ड बताया। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ वादा ही नहीं करती, वादों को सौ प्रतिशत पूरा करने वाली पार्टी भी है। वही उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को ज्ञान पर आधारित बताया। जहां उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी के लिए बनाया गया है। वही उन्होंने कहा कि देश में कोरोना काल से संकल्प पत्र की तैयारी शुरू हुई। जहां मुफ्त राशन योजना आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रो पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट की दवाई मिलती रहेगी। मोदी सरकार के अगले टर्म में 3 करोड़ और नए पीएम आवास बनाने का संकल्प लिया गया है। वही आगामी दिनों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम होगा। उधर केंद्र सरकार मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि स्वनिधि योजना में 50 हजार की लिमिट को भी बढ़ाया जाएगा और इसे शहरों से छोटे कस्बों और गांवों तक ले जाया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही ट्रांसजेंडर को पहचान देने का काम किया है। वही श्री अन्न योजना पर फोकस किया जाएगा इससे मोटा अनाज पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वही कहा कि मोदी सरकार में 1 करोड़ लखपति दीदी बनी हैं और उन्हें 3 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगी। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर में नई यूनिवर्सिटी, नए मेडिकल कॉलेज और आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। वहीं देश के कोने-कोने तक वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार ग्रीन एनर्जी और एनर्जी में आत्मनिर्भरता के लिए काम कर रही है जहां पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने, ग्रीन हाइड्रोजन रिनेयुवल एनर्जी, गोबर धन एवं बायोफ्यूल आदि पर तेजी से काम होगा। उधर उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद परिणाम आते ही काम शुरू हो जाएगा। वही उन्होंने कहा कि देश ने चंद्रयान की सफलता देखी अब हम गगन यान का गौरव अनुभव करेंगे। वही आंतकवाद के खिलाफ जीरों टोलरेंस, सीमाओं पर मजबूत आधारभूत ढांचा, नक्सली गतिविधियों को खत्म करना और सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने का काम किया है। जहां उन्होंने कहा कि देश में हम न्याय सहिंता लागू करेंगे, नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे, भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे और रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और निर्यात को बढ़ावा देंगे। इस प्रेसवार्ता के मौके पर राजमहल विधायक के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, रामानंद साह, गौतम यादव, गरिमा साह सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आज भी जलमार्ग पर निर्भर है बरहरवा तथा राधानगर थाना क्षेत्र के बहुत बड़ी आबादी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरहरवा:** अब जबकि हर तरफ लगभग गांव घरों तक आने जाने के लिए कई प्रकार की सड़कों का जाल बिछ गया है। वैसे में बरहरवा तथा राधानगर थाना क्षेत्र के कुछ ऐसे भी गांव के लोग हैं जो आज भी नौकाओं के द्वारा रोजमर्रा की जीवन बिताने को विवश है। ऐसे ही कुछ गांव है बरहरवा थाना क्षेत्र के गंगा नदी किनारे बसे भावनंदपुर, पिपरा, चंरचक, तथा राधानगर थाना क्षेत्र के घर दियारा से लेकर कटहलबाड़ी, बेगमगंज, नासघाट के अलावे 9 नंबर व 10 नंबर कॉलोनी। वैसे तो गंगा नदी के कोख में बसे दर्जनों गांव के लोग आज भी जीवन दायिनी गंगा मैया के जलमार्ग के रास्ते नौकाओं से होकर ही आवाजाही आज भी करते हैं। जहां नौका ही गंगा नदी किनारे बसे लोगों के लिए आज भी सबसे अच्छी यातायात के साधन है जहां से ये लोग व्यवसाय से लेकर हाट बाजारों तक आने जाने के लिए नाव के जरिए ही आवागमन करते है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह ( खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# कांग्रेस का घोषणा पत्र स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर : कांग्रेस




**रायपुर, (एजेंसी)।** प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हुई है। सीएजी के रिपोर्ट में प्रमाणित हुआ है कि आयुष्मान योजना के नाम पर हजारों करोड़ के घोटाले किये गये। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर है, वहीं भाजपा का घोषणा पत्र मात्र ठगने वाला है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जहां कांग्रेस पार्टी ने 19 महत्वपूर्ण वादे किये है, वहीं भाजपा अपने तथाकथित संकल्प पत्र में भी आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई ठोस वादा करने में नाकाम रही। भाजपा के घोषणा पत्र में स्वास्थ्य सेवा के संबंध में केवल पुराने वादे ही है, जो पूर्व में भी पूरे नहीं हुये। एम्स में डॉक्टर, नर्स, तकनीशियनों के लगभग 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं, केंद्र सरकार ने भर्तियां रोक रखी है, जिसका नुकसान मरीजों को उठाना पड़ रहा है। आयुष्मान योजना नई नहीं है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों ने तमाम तरह के टीके निशुल्क लगवाने की व्यवस्था की। केंद्र सरकार ने तो वैक्सीन निमार्ता कंपनी से चुनावी बांड वसूले, वहीं दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य के बजट में भी लगातार कटौती की है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में भी स्वास्थ्य सेवा की उपेक्षा स्पष्ट तौर पर दिख रही है। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता से स्वास्थ्य सेवा बेहतरी के लिए 19 बिन्दुओं का वादा किया है।

कांग्रेस वादा करती है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं, जैसे अस्पताल, क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल स्वास्थ्य इकाई, औषधालय और स्वास्थ्य शिविर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल हर नागरिक के लिए निशुल्क उपलब्ध होगी। निशुल्क स्वास्थ्य देखभाल में परामर्श, जांच, उपचार, सर्जरी, दवाएं और पुनसुर्धार शामिल होंगे। देशभर में 25 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू की जाएगी। कांग्रेस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्वास्थ्य मानक मानदंडों के अनुसार विकसित करेगी।

कांग्रेस निजी और सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की शुरूआत को बढ़ावा देगी। मौजूदा यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम को विभिन्न वर्गों की जरुरतों के अनुरूप नया स्वरूप दिया जाएगा और निजी अस्पतालों, गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली संस्थाओं और स्वास्थ्य केंदों को इसके तहत सूचीबद्ध करने की अनुमति दी जाएगी। सभी नियोक्ता अनिवार्य रूप से अपने कर्मचारियों के लिए सवैतनिक मातृत्व अवकाश देंगे।

कांग्रेस स्वास्थ्य के लिए बजट आवंटन को हर साल चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर वर्ष 2028-29 तक बजट का न्यूनतम चार प्रतिशत करेगी। कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने वाले डॉक्टरों के लिए कठिनाई भत्ता दोगुना करेगी और उनके रहने के लिए उपयुक्त सुविधाएं प्रदान करेगी। फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकताओं (जैसे आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मध्याह्न भोजन रसोइया, आदि) के मानदेय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना करेगी। प्रत्येक जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज - सह - अस्पताल स्थापित करेगी। कांग्रेस सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं और मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सभी पदों (मेडिकल और पैरामेडिकल) को तीन साल के भीतर भरेगी। मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 75 प्रतिशत पदों को भरने की न्यूनतम कानूनी अनिवार्यता होगी।

पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. अरूण केडिया, डॉ. सत्यजीत साहू, प्रवक्ता अजय गंगवानी, अमित श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने यादव समाज का अपमान किया है, यादव समाज से नि:शर्त माफी मांगे विष्णुदेव साय : द्वारिकाधीश यादव

**रायपुर, (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर लोकसभा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यादव समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। कांग्रेस पार्टी उनके बयान की निंदा करती है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से यह मांग करती है कि यादव समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यादव समाज को लठैत कहा है, इस सामाजिक टिप्पणी से पूरे यादव समाज को नीचा दिखाने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री यादव समाज गौ रक्षा के लिए लाठी उठाना है, गौ सेवा ही उनका प्रमुख रोजी रोजगार भी है, आपने केवल राजनीतिक लाभ के लिए उन पर लठैत होने का अमानवीय आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यादव समाज एक सीधा सादा चरवाहा समाज है। लाठी उनका प्रतीक है, हमारा स्वाभिमान है। जिसे आप लठैत कहकर मजाक बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा जातिसूचक इशारे से यह प्रमाणित होता है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति भाजपा में कितनी नफरत भरी है। प्रदेश की जनता ने सत्ता चलाने का अधिकार दिया है आप प्रदेश के पौने तीन करोड़ जनता के संवैधानिक मुखिया हैं, आप यादव समाज के भी मुख्यमंत्री हैं। यादव समाज के प्रति आपकी टिप्पणी अशोभनीय और निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि यदुवंशी सीधे सादे जरूर हैं, लेकिन यह गरवा चरइया अपने स्वाभिमान की लड़ाई भी लड़ना जानते हैं। एक मुख्यमंत्री का दिल बड़ा होना चाहिए, जिसमें सभी समाज, जाति, धर्म के प्रति आदर का भाव हो। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उनके हिसाब से भगवान श्री कृष्ण भी लठेत हैं ? छत्तीसगढ़ में गौठानों की व्यवस्था बिगड़ गई, सैकड़ो गायें कंटेनर में भरकर हाईवे पर सरपट दौड़ रही हैं। उस पर विष्णुदेव साय की चुप्पी साय सरकार की नियत पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। भाजपा बताए कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता से भाजपा को इतनी हिकारत क्यों है? यादव समाज को प्रतिनिधित्व मिलने से मुख्यमंत्री इतने बौखला क्यों गए हैं?पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ नेत्री शोभा यादव, देवेंद्र यादव, प्रवक्ता अजय गंगवानी, अमित श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# बृजमोहन अग्रवाल एवं विजय बघेल की नामांकन रैली में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**रायपुर, (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज (सोमवार) दो नामांकन रैलियों में शामिल होंगे।मुख्यमंत्री साय जिन प्रत्याशियों की रैली में शामिल होंगे वो दोनों रैलियां प्रदेश के कद्दावर नेताओं बृजमोहन अग्रवाल एवं विजय बघेल की है।

जानकारी के अनुसार, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल आज शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करने जाएंगे। इस दौरान उनकी नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। इस अवसर पर नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा,केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, दयालदास बघेल सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र से 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता व अनेक नेता शामिल होंगे। नामांकन रैली के पूर्व रविशंकर स्टेडियम स्थित मानस भवन मैदान में एक जनसभा होगी जिसे सभी नेतगण संबोधित करेंगे। रैली व सभा की तैयारी को लेकर लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू, सह प्रभारी राजीव कुमार अग्रवाल जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम स्थल से लेकर आज पूरे रैली मार्ग का मुआयना करआवश्यक निर्देश दिए।इसके बाद रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी और प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी आज राजधानी रायपुर में शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल करेंगे। मुख्यमंत्री साय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की नामांकन रैली में भी शामिल होंगे और दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। रायपुर जिला भाजपा ने श्री अग्रवाल के नामांकन रैली पर शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। इसके चलते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा व सांसद सुनील सोनी व विधायक राजेश मूणत व सभी विधायक व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहेंगे।भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह 11 बजे रजबंधा मैदान स्थित ह्यएकात्म परिसरह्ण में जुटेंगे. यहां से ढोल-नगाड़े, धुमाल के साथ रैली प्रारंभ होगी, जो एकात्म परिसर से जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, सत्ती बाजार, सदर बाजार, कोतवाली चौक, मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचेगी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वाधिक मतदाताओं वाले पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी, (एजेंसी)** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी वंदना ने 19 अप्रैल को होने जा रहे सामान्य लोकसभा निर्वाचन-2024 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हल्द्वानी और लालकुआं विधानसभा के सर्वाधिक मतदाताओं वाले पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज, बनभूलपुरा, इंद्र नगर पूर्वी भाग, शिशु भारती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोजाजाली और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोजाजाली में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। एआरओएपी वाजपेई को पोलिंग स्टेशन/पोलिंग बूथ पर व्यवस्था सुद्दढ़ करने की निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी आदि की व्यवस्था के साथ ही जो बुजुर्ग, दिव्यांग (मतदान से छूटे), गर्भवती महिलाओं आदि मतदाताओं को उनके पोलिंग बूथ पर बैठने के लिए वेटिंग एरिया बनाया जाए और उसको धूप (गर्मी) से बचाने के लिए शेड/टेंट से कवर किया जाए। सभी पोलिंग बूथों पर शौचालय की व्यवस्था हो और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान के दौरान कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और मतदान करते समय उसकी वीडियो या फोटो न लें पाये, मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसके लिए पोलिंग स्टेशन/पोलिंग बूथ पर से मोबाइल जमा करने की व्यवस्था कर ली जाए।विद्यालय परिसर के हाल में बने संयुक्त मतदान बूथ का पार्टीशन तत्काल कर लिया जाए और पोलिंग बूथ पर मतदान करने आए मतदाताओं के प्रवेश और निकासी का रास्ता अलग-अलग करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# चमोली में लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूरी, 17 से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, 19 को होगा मतदान

**गोपेश्वर, (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को निर्वाचन कार्यो के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, डाक मतपत्र, ईडीसी, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ट्रैफिक प्लान, निर्वाचन सामग्री वितरण, पोलिंग पार्टियों की रवानगी आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चुनाव के लिए 17 अप्रैल से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान के 72 घंटे पूर्व से लेकर मतदान के अगले दिवस तक की सभी व्यवस्थाओं को सुद्दढ़ किया जाए। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़े सभी दलों यथा वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी को अधिक सक्रिय करें। संवेदनशील स्थलों पर एफएसटी टीमें बढ़ाई जाए। मतदान दिवस से पहले निर्धारित अवधि में चुनाव प्रचार पर रोक लगाते हुए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। डीईओ ने निर्देशित किया कि वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी और माइक्रो आब्जर्वर के लिए नियुक्त कार्मिकों को भी पोलिंग पार्टी के साथ रवाना करने की समुचित व्यवस्था की जाए। पोलिंग बूथों पर साइनेज के साथ आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू करें। पोलिंग पार्टियों की निर्वाचन सामग्री के साथ बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान अनिर्वाय रूप से रखा जाए। बूथों पर आशा कार्यकत्री को प्राथमिक मेडिकल सहायक के रूप में तैनाती की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि रवानगी स्थल पर पोलिंग कार्मिकों के मतदान के लिए सुविधा केंद्र स्थापित किए जाए। निर्वाचन सामग्री एवं भत्ता वितरण के लिए सुव्यवस्थित काउंटर लगाए जाए। यातायात व्यवस्था के अनुसार वाहनों आवाजाही सुनिश्चित की जाए। मतदान दिवस पर दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक और गर्भवती महिलाओं के लिए पोलिंग बूथ तक आने जाने के लिए वालंटियर के साथ डोली, पालकी, व्हील चेयर इत्यादि का उचित प्रबंध किया जाए। मतदान दिवस पर प्रत्येक दो घंटे में मतदान की सूचना संकलित करने के लिए पीडीएमएस व्यवस्था के लिए सभी प्रबंध किए जाए। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतेजाम किए जाए। इस दौरान नोडल अधिकारियों ने निर्वाचन कार्यो को लेकर अब तक की गई विभिन्न कार्यो की प्रगति से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, व्यय अनुवीक्षण नोडल अधिकारी मामूर जहॉ, स्वीप समन्वय कुलदीप गैरोला, नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट वीपी मौर्य, नोडल अधिकारी परिवहन ज्योति शंकर मिश्र, नोडल अधिकारी भोजन व्यवस्था जेएस कंडारी, नोडल अधिकारी लेखन सामग्री वृजेन्द्र पांडेय, पीडीएमएस विनय जोशी, टेंट व्यवस्था राजवीर सिंह चैहान आदि मौजूद थे।

# मवेशियों का सड़क में डेरा, बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**धमतरी, (एजेंसी)।** धमतरी नगर निगम क्षेत्र में मवेशी धरपकड़ अभियान चलाए जाने के बाद भी सड़क से मवेशी नहीं हट पा रहे हैं। सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का झुंड नजर आ रहा है, इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दिन ढलते ही सड़क में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा सड़क की अंदरूनी गलियों में भी बेसहारा मवेशी नजर आ रहे हैं। लोगों ने सड़क से मवेशियों की धरपकड़ की मांग की है।



शहर में जिस तेजी और मुस्तैदी के साथ शहर और गांव की सड़कों से मवेशियों की धरपकड़ दिखाई दे रही थी वह दिखाई नहीं दे रही है, हालांकि नगर निगम दावा करता है कि सप्ताह के सात दिनों में से तीन मवेशी धरपकड़ अभियान चल रहा है। नगर निगम द्वारा सालभर मवेशी धरपकड़ अभियान चलाए जाने के बाद भी शहर से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के साथ-साथ वार्डों की गलियों में बेसहारा मवेशियों का झुंड आसानी से देखा जा सकता है। इसके चलते प्रतिदिन लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निगम द्वारा लगातार अभियान चलाए जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। शहर के बंशी पटेल, राज कुमार निर्मलकर, भूपेंद्र सोनवानी का कहना है कि निगम को मवेशी धरपकड़ अभियान को रोकना नहीं चाहिए, बल्कि लगातार अभियान चलाया जाना चाहिए। शासन की मंशानुरूप सड़क पर मवेशी नजर नहीं आने चाहिए, लेकिन शहर में इसके उलट नजारा है। सभी जगह आसानी से मुख्य मार्गों पर विचरण करते बेसहारा मवेशियों को देखा जा सकता है। धमतरी शहर से लगे ग्राम अजुर्नी के कांजी हाउस में धमतरी नगर निगम क्षेत्र के लिए 200 मवेशियों को रखने की व्यवस्था है, लेकिन यहां केवल 60 मवेशी बंद हैं। मालूम हो कि सिहावा चौक, मकई चौक, रत्नाबांधा पुराना बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, सोरिद पुल, सोरिद काली मंदिर, श्यामतराई कृषि उपज मंडी के पास मवेशियों का अस्थाई ठौर है। इनसे टकराने से शहर के अंदर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाल के दौरान हुई कई सड़क दुर्घटना में प्रमुख कारण सड़क के बीच बैठे मवेशियों को माना गया। कुछ दिन के अभियान के बाद कार्रवाई बंद हो जाती है। शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि धरपकड़ की कार्रवाई लगातार होनी चाहिए। मवेशी को सड़क में छोड़ा जाना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। मवेशी मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।नगर निगम धमतरी के गोठान प्रभारी दीपक पांडे ने कहा कि शहर में मवेशी धरपकड़ अभियान बंद नहीं हुआ है। यह अभियान सप्ताह के तीन दिन चलाया जा रहा है। अब तक 60 मवेशियों की धरपकड़ की जा चुकी है। सभी मवेशी ग्राम अजुर्नी स्थित कांजी हाउस में बंद हैं।

## अष्टमी पर होगा हवन पूजन और नौ कन्या भोज

**धमतरी, (एजेंसी)।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर 16 अप्रैल को शहर की अराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर सहित गंगरेल स्थित मां अंगारमोती सहित अन्य देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में हवन पूजन होगा। इसकी तैयारी को अंतिम रूप देने मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

अष्टमी पर मंदिरों में हवन पूजन के साथ ही नौ कन्या भोज व भंडारे का आयोजन शहर के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित है। यहां पर मंदिर समिति और दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य आम लोगों को भंडारे की प्रसादी का वितरण करेंगे। नवरात्र की पंचमी और अष्टमी तिथि को माता का विशेष श्रृंगार होता है। इन दोनों ही तिथियों में देवी मंदिरों में माता का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। शहर की आराध्य देवी विंध्यवासिनी मंदिर के अलावा मां अंगारमोती मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर रिसाईपारा, शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर पावर हाउस बठेना वार्ड, काली मंदिर रुद्री रोड गोकुलपुर, रिसाईमाता मंदिर, डाकबंगला वार्ड स्थित काली मंदिर, काली मंदिर सोरिद, हटकेशर के कामना मंदिर, दानीटोला वार्ड स्थित शीतला मंदिर, शिव चौक स्थित वैष्णव मंदिर, गायत्री मंदिर, बस स्टैण्ड स्थित काली मंदिर, रत्नाबांधा के रत्नेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पहुंचकर भक्त माता का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इसी तरह पुरूर के मौली माता मंदिर, जगतरा समिति दुर्गा मंदिर, कनेरी स्थित मां काली मंदिर सहित आमदी, कुकरेल, भखारा,कोलियारी, भटगांव, सोरम, नवागांव, लोहरसी के देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ उमड़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल हरिचंदन उड़िया नव वर्ष उत्सव में शामिल हुए

**रायपुर, (एजेंसी)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अपने ओड़िशा प्रवास के दौरान आज सोमवार को उड़िया नव वर्ष उत्सव में शामिल हुए।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने नमामि दुनाकिनी अनुकुल्या में आयोजित नववर्ष उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में ओड़िशा के इतिहास, परंपरा, गौरव, संस्कृति और वीरता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हर उड़िया वासी के रगों में वीरता का खून दौड़ता है। उनका शौर्य और पराक्रम अद्वितीय है। ओड़िशा में हुए पाईका विद्रोह का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम के रूप में मान्यता दी गई। यह हमारे लिए गौरव की बात है।

ओड़िशा राज्य के गौरव गाथा की पूरे भारत वर्ष में चर्चा और प्रशंसा की जाती है। उन्होंने ओड़िशा वासियों को भाषा, साहित्य और संस्कृति की रक्षा के लिए नेतृत्व करने और राष्ट्र की भलाई के लिए कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ओड़िशा के जननायकों बक्सी जगबंधु, मधुसूदन दास, गोपबंधु दास, फकीर आदि का भी स्मरण किया।

समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने ओडिशा के प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नमामि दुनाकिनी के सलाहकार और महोत्सव के अध्यक्ष प्रद्युम्न शेटपति सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन को मिला एक और प्रशिक्षु आईएएस

**रायपुर, (एजेंसी)।** रायपुर ज़िला प्रशासन को एक और प्रशिक्षु आई ए एस मिला है। अनुपमा आनंद ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को आज अपनी ज्वाइनिंग दी।

उल्लेखनीय है कि मूलतः अल्पपूझा ज़िला, केरला राज्य की रहने वाली अनुपमा आनंद वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आई ए एस अधिकारी है। इन्होंने अपनी शैक्षणिक सफर एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम, केरल, से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुश्री अनुपमा आनंद को पुष्प गुच्छ देकर प्रशासनिक परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने सुश्री अनुपमा को नये कर्तव्य पथ पर पदार्पण करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया।

### दलों ने किया गांव की ओर रुख, भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने-अपने उम्मीदवार के लिए मांग रहे आशीर्वाद

**गोपेश्वर, (एजेंसी)।** जैसे-जैसे प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे चुनाव प्रचार में भी तेजी आनी शुरू हो गई है। दलों के कार्यकर्ता अब शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों की ओर पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में 16 अप्रैल को पोखरी में चुनावी जनसभा रखी गई है। इसके लिए कार्यकर्ता पसीना बहा रहे हैं।

गढ़वाल लोक सभा सीट से भाजपा से अनिल बलूनी और कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल का चुनाव प्रचार प्रसार कार्यकर्ता गांव तक कर रहे हैं। भाजपा का प्रचार धराली विधानसभा के विधायक भूपाल राम टम्टा की अगुवाई में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा यूथ महामंत्री तेजपाल रावत, युगराज बसेड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र बिष्ट, नरेन्द्र बिष्ट क्षेत्र प्रमुख दर्शन दानू ने देवाल विकास खंड के घेस, बलाड, हिमानी, बहतरा, सवाड, सुया, वानुडी, वाण, कुलिंग, लोहाजंग, वाक, मुदोली, हरनी, ल्वाणी काडेई आदि गांव में अनिल बलूनी को अपना आशीर्वाद देने की अपील की।

कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष कलम सिंह गडिया, कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह दानू, पूर्व प्रमुख डीडी कुनिया, छात्र नेता महाबीर बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य आशा धपोला, संगीता, मोहन राम आर्य, गोविन्द पांगती ने देवाल पूर्णा, देवसरी, सरकोट, पदमला, रैन, पलवरा, चैड, लिगडी, ओडर, मानमती, कोटड़ा, मेलखत, चोटिग, हरमल, तोरती, रामपुर, आदि गांव पहुंच कर दल के उम्मीदवार गणेश गोदियाल के पक्ष में वोट मांगा।

इधर उत्तराखंड क्रांति दल के उम्मीदवार आशुतोष नेगी को जिताने के लिए भी यूकेडी के कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंच रहे हैं। गांव-गांव पहुंच रहे कार्यकर्ता अपने-अपने उम्मीदवार का जीत का दावा कर जनता को अपने-अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील करने में जुटे हुए हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस के नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखपत बुटोला ने पोखरी में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 16 अप्रैल मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल के समर्थन में पोखरी में एक चुनावी जनसभा आयोजित की गई है। चुनावी सभा में जनता का समर्थन पाने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंच रहे हैं और ग्रामीणों से कांग्रेस उम्मीदवार के विचारों को सुनने के लिए आने की अपील भी कर रहे हैं।

### पुलिस ने चोर को माल के साथ किया गिरफ्तार



**ऋषिकेश, (एजेंसी)।** थाना मुनि की रेती पुलिस ने 10 दिन पहले हुई चोरी का पदार्फाश करते हुए चोर को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। वारदात के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीमों ने घटना के अनावरण के लिए घटनास्थल पर आने-जाने वाले स्थानीय और बाहरी लोगों के बारे में जानकारी हासिल की। तो ज्ञात हुआ कि एक संदिग्ध व्यक्ति मुंह ढककर घटनास्थल की तरफ जाते हुए दिखाई दिया। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हेतु मैन्युअल पुलिसिंग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उक्त संदिग्ध व्यक्ति की शिनाख्त के लिए प्रयास किये गये।

संदिग्ध व्यक्ति का नाम अजीत जुयाल पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम सिन्धी पो. गैडखाल थाना यमकेश्वर पौड़ी गढ़वाल प्रकाश में आया, जो पूर्व में हत्या और चोरी की घटनाओं में सम्मिलित रह चुका है। अजीत जुयाल एक शातिर किस्म का चोर है, जो दिन में बंद घरों की रेकी करता है और रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देता है। संदिग्ध अजीत की तलाश के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गयी, लेकिन अजीत जुयाल शातिर होने के कारण संभावित ठिकानों पर नहीं मिला और मोबाइल बंद कर लगातार छुपता रहा।

उसे हाल निवासी गली नं. 5 हनुमंतपुरम गंगानगर ऋषिकेश को इन्द्रानगर तिराहा बाइपास रोड, ऋषिकेश के पास से चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक लौंग पीली धातु, एक चेन पीली धातु, एक अंगूठी पीली धातु, 04 दाने पीली धातु, 17000/- रुपये बरामद किये गये। साथ ही उसकी निशानदेही पर एक आला नकब, पहचान छुपाने के लिए प्रयुक्त एक तकिये का कवर, घटना के समय पहनी

मुनि की रेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि बीती 11 अप्रैल को थाना मुनि की रेती पर भूपेंद्र कुकरेती निवासी- गुलाबराय थाना मुनि की रेती ने दी तहरीर में बताया था कि 9 अप्रैल को अज्ञात चोर ने उनके कमरे का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी कर लिए हैं।